आषाढ़ कृष्णा पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 6, अंक 206, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम 11

सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस 12


# MISSION COACHING INSTITUTE

Your Dream. Our Mission..

AN EXCELLENT INSTITUTE FOR : NEET/IIT-JEE /FOUNDATION/ XI/XII

## मिशन एक नाम नहीं विश्वास है।

बरेली टॉपर NEET-2023



सानिध्य सिंह ने तोड़े थे बरेली मण्डल के कई रिकॉर्ड किया था अपने माता पिता और टीचर्स का मण्डल में नाम रोशन AFMC-(PUNE)



एक हाफिज का बेटा बना डॉक्टर, अरबाज मलिक ने किया अपने हाफिज पिता, भाई और टीचर्स का मण्डल में नाम रोशन। 7694 (Cat. Rank)



मिशन के छात्र (FUTURE DOCTOR'S) रिजल्ट की खुशी मनाते हुए।

NEET-2024



मो. अज़ीज़ अपने पिता, भाई और टीचर्स के साथ रिजल्ट की खुशी मनाते हुए। GMC (BUDAUN)

## *ABM SIR हैं तो मुमकिन है

## मिशन ने कर दिखाया...

## OUR STAR PERFORMERS OF NEET-UG-2025



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MARKS-578 | MARKS-562 | MARKS-554 | MARKS-554 | MARKS-544 | MARKS-540 | MARKS-540 | MARKS-536 | MARKS-531 | MARKS-525 |
| FIRDAUS KHAN | HANNAN KHAN | SHANAWAZ RIZVI | RUPESH | FAUZAN KHAN | ARBAZ MALIK | AKASH KUMAR | VAIBHAV | MUDASSIR | RIZWA FATIMA |



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MARKS-523 | MARKS-517 | MARKS-515 | MARKS-515 | MARKS-515 | MARKS-514 | MARKS-511 | MARKS-510 | MARKS-508 | MARKS-505 |
| KALEEM ALI | DIGVENDRA | TAUSEEF | ANAS SIDDIQUI | AMIT KUMAR | ADITYA KUMAR | AMAN BABA | ANAMIKA PAL | ABU ZAID | FAIZAN RAZA |



| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | NEET-2022 | NEET-2023 |
| MARKS-503 | MARKS-502 | MARKS-501 | MARKS-501 | Rank (Cat.)-917 | Rank (Cat.)-7457 | Rank (Cat.)-12063 | Rank (Cat.)-13695 | AMU (ALIGARH) | GMC (MEERUT) |
| ARYAN | MO. UZEER | PRABHAT YADAV | MO. ALI | MO. SHABEZ | ANMOL SINGH | SANJEEV KUMAR | AMAN SINGH | SHAHZIL ANSARI | SALMAN HAIDAR |

HOSTEL & LIBRARY FACILITY AVAILABLE

हिन्दी मीडियम के छात्रों के लिए अलग बैच की सुविधा उपलब्ध।

NEW BATCHES FOR NEET - 2026 STARTING FROM 19th, 22nd & 29th JUNE

OPP. MJP ROHILKHAND UNIVERSITY MAIN GATE, NEAR PETROL PUMP, PASHUPATI VIHAR, BAREILLY

Enquiry Contact: 9045295622, 9045427704, 9455474825

## आज का मौसम

बादल छाए रहने या हल्की बारिश के आसार।

38.0⁰ अधिकतम तापमान | 24.0⁰ न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीराम कथा रात 8 बजे से।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बॉक्सिंग हाल में 42 वीं जूनियर और सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता सुबह 11 बजे।
- मौलाना तौकीर रजा खां की ओर से आतंकवादी संगठन कहने के विरोध में एसएसपी कार्यालय पहुंचेंगे बजरंग दल के कार्यकर्ता सुबह 10 :30 बजे।

# प्री-मानसून की दस्तक, बारिश के बाद मिली भीषण गर्मी से राहत

## मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार सप्ताह भर ऐसा ही रहेगा मौसम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में प्री-मानसून की दस्तक के साथ रविवार सुबह बादल छाने के बाद बारिश हुई। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। इस दौरान 2 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने सप्ताह भर ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। इसके बाद मानसून दस्तक देगा।

बारिश से अधिकतम तापमान एक दिन में करीब आठ डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया, हालांकि यह सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक 32.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस कम 24.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान हवा में नमी सुबह 49 प्रतिशत और शाम को 91 प्रतिशत दर्ज की गई।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्री-मानसून की गतिविधियों के चलते नमी युक्त हवाएं उत्तर भारत में सक्रिय हो गई हैं।

इसके चलते गर्म हवाओं का प्रभाव कम हो गया है। हालांकि दिन में गर्मी से राहत मिल सकती है, लेकिन रातें कुछ हद तक उमस भरी और गर्म महसूस हो सकती हैं क्योंकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। सात दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके अलावा 18 जून के आसपास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे बारिश की संभावना और बढ़ेगी।



शहर में तेज बारिश के बीच गुजरता बाइक सवार।





बारिश से बचने के लिए युवतियों ने छाते का लिया सहारा। ● अमृत विचार

# हल्की बारिश में ही डूबे शहर के कई इलाके, अभी मानसून आना बाकी

## कई मोहल्लों में जलभराव से लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्री-मानसून की हल्की बारिश में ही रविवार सुबह कई वार्डों में जलभराव हो गया। जल निकासी व्यवस्था ठीक न होने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी सुभाषनगर पुलिया के पास हुई। अभी मानसून की बारिश बाकी है और नालों की सफाई नहीं हो सकी है। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में और परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

बारिश में सिकलापुर, हजियापुर, संजयनगर, बाकरगंज, जगतपुर, आकाशपुरम, पशुपतिनाथ मंदिर रोड, सनराइज कालोनी, फाइक इन्क्लेव, आजमनगर, कांकरटोला, शहदाना, सूफीटोला, सुभाषनगर, दुर्गानगर, बजरिया, सिटी माल गोदाम रोड, पुराना शहर समेत अन्य इलाकों में जलभराव हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी निचले इलाकों के लोगों को उठानी पड़ी। इन इलाकों के लोगों को जलभराव और कीचड़ से होकर आना-जाना पड़ा।

**सिल्ट नाले में फिर चली गई :** नगर निगम इन दिनों नाला सफाई करा रहा है। कई जगहों पर सिल्ट को निकालकर सफाई कर्मचारियों ने सड़क के किनारे सूखने के लिए रखा था लेकिन बारिश होने के कारण सिल्ट नाले में चली गई तो कुछ जगहों पर सड़क पर फैल गई। इसके कारण पहले की तरह नाले जाम हो गए।



रविवार को हुई बारिश से सुभाष नगर पुलिया के नीचे पानी भर गया। जहां से आने जाने में लोगों को दिक्कत हुई। ● अमृत विचार

### निर्माणाधीन कार्य वाली जगहों पर ज्यादा दिक्कत

शहर में सीएम ग्रिड सहित कई जगह सड़क चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, सीवर ब्रांच लाइन डालने और दूरसंचार की लाइन डालने का काम चल रहा है। बारिश से खुदाई कर निकाली गई मिट्टी सड़क पर फैल गई। इससे कीचड़ होने से राहगीर परेशान हुए।



सिटी माल गोदाम रोड स्थित शिवपुरी कॉलोनी में जलभराव। ● अमृत विचार



मोहल्ला मलूकपुर बजरिया में घरों के बाहर भरा पानी। ● अमृत विचार

## आंधी-बारिश से गिरे पेड़, रास्ता बाधित





आंधी-बारिश से शाही और फतेहगंज के बीच कई स्थानों पर पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। शाही-शेरगढ़ मार्ग भी बाधित हो गया और कई घंटे तक जाम लग गया। वन विभाग और स्थानीय लोगों ने गिरे पेड़ों को काटकर सड़कों से हटाया, जिससे यातायात शुरू हो सका। तेज हवाओं से कई जगह बिजली के खंभे टूट गए। ● अमृत विचार

## एक नजर

### आंखों में संक्रमण और त्वचा रोगियों की भरमार

**बरेली, अमृत विचार :** जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित हुए मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में आंख के संक्रमण और त्वचा रोगियों की संख्या अधिक रही। मेले में 4 हजार से अधिक मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिसमें 176 आंख संबंधी संक्रमण और 500 से अधिक लोग त्वचा रोग से ग्रसित मिले। 65 बच्चों को मिला इलाज सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मेले में मरीजों को बेहतर इलाज मिले इसके लिए निगरानी की जा रही है। वायरल बुखार, त्वचा रोगियों के साथ 60 से अधिक बच्चों को भी इलाज मिला। प्रदेश में कोविड के नये मामलों की संख्या बढ़ने के चलते कोविड हेल्प डेस्क पर बुखार और सांस रोगियों की स्क्रीनिंग भी की जा रही है।

### आवेदक अब घर बैठे कर सकेंगे लर्निंग डीएल में नाम संशोधन

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन मंत्रालय ने ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को और अधिक सरल बना दिया है। अब आवेदक घर बैठे ही अपने लर्निंग लाइसेंस में नाम संशोधन कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें अब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह नई सुविधा परिवहन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध कराई गई है। इसके जरिये आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर नाम संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार ने बताया कि इसके लिए https://parivahan.gov.in पर जानकर ड्राइविंग लाइसेंस रिलेटेड सर्विसेज का विकल्प चुनने के बाद राज्य का चयन करना होगा। फिर लर्निंग लाइसेंस सेक्शन में जाने पर यहां 'नाम संसोधन का विकल्प आएगा।

# डेलापीर मंडी में एक सप्ताह बाद भी दुकानों का नहीं कराया अनुबंध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** डेलापीर मंडी में कई व्यापारी दुकानों का अनुबंध कराने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में मंडी समिति इन दुकानदारों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।

डेलापीर मंडी में करीब साढ़े तीन सौ दुकानें हैं, मगर 20 से 25 साल पहले आवंटित की गईं दुकानें बिना अनुबंध के ही चल रही हैं। शासन इसको लेकर गंभीर है। अनुबंध कराने के लिए शासनादेश जारी हो चुका है, मगर इसके बाद भी व्यापारी तैयार नहीं हो रहे हैं। मंडी समिति के सचिव बैठक करके व्यापारियों से अनुबंध कराने की अपील कर चुके हैं। कुछ व्यापारी तैयार हैं। कुछ ने करा भी लिया है, मगर कुछ ऐसे भी हैं, जो नहीं कराने पर अड़े हुए हैं। मंडी सचिव संतोष कुमार ने अनुबंध कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था, मगर समय बीतने के बाद भी व्यापारियों ने अनुबंध नहीं कराया। सचिव ने कि अनुबंध कराने से व्यापारियों का ही फायदा है। वह वैध प्रक्रिया में आ जाएंगे। इसका लाभ भी ले सकते हैं। अनुबंध नहीं कराने पर दुकानों का संचालन अवैध मानते हुए कार्रवाई कर दी जाएगी।

# चौधरी मोहल्ले में डाली जाएगी पानी की पाइप लाइन

**बरेली, अमृत विचार :** वार्ड 42 चौधरी मोहल्ले में पानी की पाइप लाइन न होने के कारण लोगों को काफी दिक्कत हो रही थी। अब नगर निगम का जलकल विभाग मोहल्ले में पाइप लाइन बिछवाएगा। नई पाइपलाइन के लिए टेंडर स्वीकृत हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष शिखा मेहरोत्रा ने कुछ माह पहले मेयर डॉ. उमेश गौतम को पत्रक दिया था। मेयर के निर्देश पर जलकल विभाग ने एस्टीमेट आदि तैयार कर टेंडर कराया है। यहां पर समरसेबल पंप स्थापित किया गया है।

# तेज हवा और बारिश में गिरे दो खंभे नकटिया क्षेत्र में कई घंटे बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शहर में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से गहराया बिजली संकट

**अमृत विचार :** तेज हवा और बारिश से शहर में बिजली संकट और गहरा गया। नकटिया क्षेत्र में दो खंभे टूटने से कई घंटे तक बिजली गुल रही। दोपहर को खंभे ठीक कराकर आपूर्ति को बहाल कराया गया। इसके अलावा शहर के आठ सबस्टेशनों पर 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से 7 से 8 घंटे तक बिजली गुल रही। राजेंद्रनगर से जुड़े इलाकों में भी शनिवार रात 2 बजे से रविवार सुबह 11 बजे तक बिजली गुल होने से पानी की आपूर्ति भी ठप रही।

जिले में करोड़ों रुपये की लागत से काम कराकर बेहतर बिजली आपूर्ति का दावा करने वाले अधिकारियों की हकीकत रविवार सुबह बारिश और तेज हवा में खुल गई। नकटिया सबस्टेशन से जुड़े इलाके में दो खंभे गिर गए। इसकी वजह से दोपहर तक बिजली गुल रही। सात-आठ घंटे तक बिजली संकट से लोग परेशान हो गए। वहीं 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से राजेन्द्रनगर, एकतानगर, डीडीपुरम, प्रभातनगर क्षेत्र में पूरी रात बिजली का संकट बना रहा। शहर के डेलापीर, सनसिटी, कुतुबखाना, सदर कैंट, सीबीगंज, कोहाड़ापीर, महानगर, शाहदाना, किला और हरूनगला सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी 8 से 9 घंटे की कटौती की गई। इससे नाराज उपभोक्ताओं ने हरुनगला सबस्टेशन पर हंगामा किया। शाहदाना के गंगापुर, सिकलापुर, जाटवपुरा, आजमनगर, हजियापुर इलाकों के उपभोक्ताओं को 10 घंटे तक कटौती का सामना करना पड़ा। आईवीआरआई फीडर पर फॉल्ट होने के चलते कटौती की गई। कुतुबखाना सबस्टेशन पर 33 केवी की सप्लाई फेल होने से बिजली गुल रही। नावल्टी चौराहे के पास रविवार दोपहर ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से बिजली गुल हो गई। रामपुर गार्डन, मिशन सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में भी शनिवार रात और रविवार को कटौती की गई।



फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

# नगर निगम में कर्मचारियों का टोटा फिर भी मृतक आश्रितों को नौकरी नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ ने आश्रितों को नौकरी देने की मांग की

**अमृत विचार :** नगर निगम कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। इसके बाद भी मृतक आश्रित कोटे से खाली पद कई साल से भरे नहीं जा रहे हैं। आश्रित नौकरी पाने के लिए अफसर और कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ ने नगर निगम प्रशासन से मृतकों के आश्रितों को नौकरी देने की मांग की है।

नगर निगम में इस समय 649 संविदा सफाई कर्मचारी हैं। इसमें 2008 से अब तक 70 संविदा सफाई कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है। इनकी जगह किसी भी आश्रित को नहीं रखा गया है। उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि सफाई कर्मचारी संजय की 2022 में मौत हो चुकी है। उनके सरकारी आवास पर एक लिपिक ने जबरन कब्जा कर लिया। एक साजिश के तहत एक युवक दत्तक पुत्र बनकर नौकरी मांग रहा है। जबकि उनकी शादी नहीं हुई थी। मृतक आश्रित कोटे में उनके भाई रंजीत ने नौकरी के लिए आवेदन किया। उन्हें अभी तक नौकरी नहीं मिली है। इसी तरह कन्हैया चालक के पद पर थे और उनकी मौत 2022 में हुई। भाई संतोष ने आश्रित कोटे में नौकरी के लिए आवेदन किया है। सफाई कर्मी संगम की मौत 2020 में हुई थी। उनकी पत्नी सीमा ने नौकरी के लिए आवेदन किया, मगर अभी तक उन्हें आश्रित कोटे से नौकरी नहीं मिली है। माली पद पर तैनात रहे विनोद का निधन 2020 में सेवा काल के दौरान हुआ था। उनके भाई मनोज ने नौकरी के लिए आवेदन किया है। इसके बाद भी आश्रितों को नौकरी देने में नगर निगम लापरवाही बरत रहा है। इस संबंध में कर्मचारी संघ ने शासन और नगर आयुक्त को पत्र लिखकर आश्रितों को नौकरी दिए जाने की मांग की है।

# बारिश से नाला उफनाया, चैंबर में पानी व कीचड़ भरने पर रोका काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीसलपुर चौराहा पर 82 लाख से हो रहा है पुलिया का निर्माण
- 25 मई को शुरू हुआ था निर्माण तीन महीने में पूरा होना है काम

**अमृत विचार :** बारिश से जगतपुर का नाला उफनाने से बीसलपुर चौराहा पर निर्माणाधीन पुलिया के बॉक्स कल्वर्ट (चैंबर) में पानी और कीचड़ भर गया। इसकी वजह से काम रोकना पड़ा। गंदा पानी निकालने के लिए पंप सेट लगाया गया।

बीसलपुर जाने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर जगतपुर से बीसलपुर के बीच पुरानी पुलिया को तोड़कर नई पुलिया बनाने का काम 25 मई को शुरू हुआ था। यहां काम तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। नगर निगम ने पुलिया बनाने के लिए 82 लाख रुपये पीडब्ल्यूडी को दिए हैं। पुलिया बनाने में बॉक्स कल्वर्ट तकनीक अपनाई जा रही है। जिसका उपयोग पानी को एक तरफ से दूसरी तरफ ले जाने के लिए किया जाता है। जिसमें निर्माण आमतौर पर साइट पर ही किया जाता है। इसमें एक तल, दो साइड की दीवारें और एक टॉप स्लैब शामिल होता है।

एक्सईएन भगत सिंह ने बताया कि पुलिया के चैंबर के तल का काम पूरा होने के बाद दोनों साइड की दीवारें खड़ी करने के लिए स्ट्रक्चर तैयार किया जाना था, लेकिन, रविवार को हुई बारिश की वजह से चैंबर में गंदा पानी और कीचड़ भर गया। पंप सेट से पानी निकलवाने की वजह से अन्य काम नहीं हो सके। कहा कि बॉक्स कल्वर्ट का निर्माण सीमेंट, कंक्रीट और सरिया से होना है। मौसम में दो से तीन अगर साथ दिया तो इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल, अभी चैंबर की शटरिंग समेत अन्य काम रोक दिए गए हैं।



निर्माणाधीन पुलिया के चैंबर में भरा पानी पंप सेट से निकालता मजदूर। ● अमृत विचार

# पांच महीने में नौ गर्भवती मिलीं मलेरिया से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला महिला अस्पताल में आने वाली रोगियों की हो रही है जांच

**अमृत विचार :** गर्भवतियां भी मलेरिया की चपेट में आ रही हैं। पांच महीने में नौ गर्भवतियों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। शासन के आदेश पर जिला महिला अस्पताल के द्वितीय तल पर पांच बेड का मलेरिया वार्ड बनाया गया है। हालांकि, रविवार को वार्ड में कोई मरीज भर्ती नहीं हुआ, लेकिन लेबर रूम में भर्ती होने के लिए आ रहीं किसी मरीज में मलेरिया या डेंगू के लक्षण होने पर तुरंत जांच कराने के आदेश सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने डॉक्टरों को दिए हैं।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि मलेरिया और डेंगू ग्रसित मरीजों की विशेष देखरेख और बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों में वार्ड बनाने के निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैं। अभी डेंगू का प्रकोप कम है, लेकिन मलेरिया के मरीज रोजाना सामने आ रहे हैं। बीते बरसों की तुलना में मरीजों की संख्या लगातार घट रही है।

# एनओसी न मिलने से हाईवे का चौड़ीकरण फंसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 46 किमी लंबे भमोरा-शाहबाद स्टेट हाईवे के तीन किलोमीटर हिस्से का मामला
- इफ्को फैक्ट्री के पास एनओसी के लिए एक्सईएन लिखे चुके हैं दो बार पत्र

**अमृत विचार :** भमोरा-आंवला-शाहबाद स्टेट हाईवे के तीन किमी हिस्से का चौड़ीकरण वन विभाग की एनओसी के फेर में फंसा हुआ है। इफ्को फैक्ट्री के आसपास चौड़ीकरण में बाधा बने पड़ों के लिए पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन वन विभाग को एनओसी के लिए दो बार पत्र लिखे चुके हैं लेकिन अब तक एनओसी नहीं मिली है।

वन विभाग की टीम सड़क किनारे लगे पेड़ों की नाप और गणना पहले ही कर चुकी है।अनुमान है कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आठ हजार से अधिक पेड़ आ रहे हैं। अधिकारी एनओसी इसी महीने मिलने की बात कह रहे हैं।

भमोरा से आंवला रामनगर होते हुए शाहबाद तक 46 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण का काम पिछले साल शुरू हुआ था। वर्तमान में यह सड़क सात मीटर चौड़ी है। जिसे दोनों ओर डेढ़-डेढ़ मीटर बढ़ाकर 10 मीटर किया जा रहा है। इस मार्ग के बनने से जहां बरेली के लोगों को शाहाबाद, बिलारी और संभल के लिए एक नया रास्ता मिलेगा। वहीं संभल से मुरादाबाद, बबराला और अलीगढ़ के लिए भी कनेक्टिविटी मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के एक्सईएन राजीव अग्रवाल ने बताया कि यह स्टेट हाइवे भमोरा-आंवला-शाहबाद-बिलारी तक 88 किमी लंबा बनना प्रस्तावित है। यह हाईवे तीन जिलों को जोड़ेगा। इसमें बरेली के हिस्से में 46 किमी का हिस्सा है। भमोरा से शाहबाद के टांडा तक का सड़क चौड़ीकरण का काम काफी हद तक हो चुका है। आंवला में इफ्को के पास तीन किलोमीटर का हिस्सा पेड़ों के कटान की एनओसी के फेर में फंसा है। एक्सईएन के मुताबिक हाईवे किनारे खड़े पेड़ों की गणना हो चुकी है। लोक निर्माण विभाग काटे जाने वाले पेड़ों के बदले में वन विभाग को क्षतिपूर्ति देगा। वन विभाग से लगातार पत्राचार चल रहा है। जून के आखिरी सप्ताह तक एनओसी मिलने की उम्मीद है।

# नाम बदलकर गांव के विकास कार्यों में फर्जीवाड़े का आरोप, जांच के आदेश

**बरेली, अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर की ग्राम पंचायत डंडिया में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाया गया है। ग्रामीण ने लोकपाल मनरेगा से शिकायत की है। लोकपाल ने मामले में बीडीओ को जांच के आदेश दिए हैं।

ग्राम पंचायत के म्यूड़ी रानी मेवा कुंवर निवासी गंगा सिंह ने लोकपाल मनरेगा से शिकायत कर मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। आरोप है कि डामर रोड पुलिया से महेंद्र सिंह के खेत तक और महेंद्र सिंह के खेत से रूम सिंह के खेत तक कच्चा नाला खुदाई में कार्य का नाम बदलकर फर्जीवाड़ा किया गया है। एक महिला रसोइया होने के बाद भी मनरेगा में हाजिरी लगाकर श्रमांश दिखाने का आरोप है। शिकायतकर्ता ने कई और कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की है। मनरेगा लोकपाल शिशुपाल मौर्य ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले में जांच के आदेश बीडीओ को दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मामले में जांच कर कार्रवाई होगी।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 6, अंक 206, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 10

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान 12

# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात की गई जान

## घने कोहरे में शून्य दृश्यता से पहाड़ी या पेड़ से टकराने का अंदेशा, जान गंवाने वालों में बिजनौर की नानी और नातिन



हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद राहत कार्य में जुटे कर्मी।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था।

दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है। हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के



विनोद देवी और तुष्टि सिंह (फाइल)

एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) व बीकेटीसी का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी।

जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। फॉरेन्सिंक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

(संबंधित पेज-8)

### हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

### हेली सेवा सोमवार तक बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

## एक नजर

### शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण स्थगित

**लखनऊ।** शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। दरअसल स्कूल चलो अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों, कार्यक्रमों के सुचारु संपादन के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के आदेशानुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी विभागीय अधिकारियों का स्थानांतरण अग्रिम आदेशों तक नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, मगर स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

### अर्श डल्ला मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई हत्या की एक साजिश नाकाम करते हुए मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों का खात्मा करने के लिए अर्श डल्ला के निर्देश पर काम कर रहे थे।

## 60,244 सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र

# लोगों को 3 साल के भीतर मिल सकेगा न्याय : शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

- **शाह बोले- युवाओं को नहीं देनी पड़ी रिश्वत, परिवर्तनकारी युग का है यह शासन**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में ऐसी व्यवस्था बनने जा रही हैं जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।



लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की।

### ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

### नियुक्ति पाने वालीं युवतियों के संघर्ष की कई कहानियां

**लखनऊ।** नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली बरेली की लवी चौहान ने कहा, हमें अपनी कड़ी मेहनत का फल मिला है। इस तरह की पारदर्शितापूर्ण भर्ती केवल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व के कारण ही संभव हो पायी है। प्रक्रिया के दौरान एक भी रुपये रिश्वत की मांग नहीं की गई। बरेली की ही इजमा बी ने कहा, पहली बार पूरी तरह से योग्यता के आधार पर नौकरियां दी गई हैं।

फिरोजाबाद जिले के हरदासपुर गांव के एक किसान की बेटी रोशनी ने बताया कि वह अपने परिवार में सरकारी नौकरी पाने वाली पहली महिला हैं। नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों की सूची में जगह बनाने वाली रोशनी ने कहा, हमारे परिवार में किसी को भी कभी सरकारी नौकरी नहीं मिली। फॉर्म जमा करने से लेकर चयन तक एक भी रुपया खर्च नहीं हुआ। बांदा जिले के मरका गांव की प्रीति यादव ने अपने परिवार में पहली सरकारी नौकरी पाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा, जब मैंने यह खबर बतायी तो घर में उत्सव जैसा माहौल था। पहले लोग कहते थे कि रिश्वत के बिना सरकारी नौकरी असंभव है लेकिन आज यह मिथक टूट गया है।

# प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

- **लखनऊ, प्रयागराज, बरेली, संभल समेत 14 जिलों में आंधी-तूफान और बिजली गिरने की घटनाएं**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना हृदयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गईं। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज के जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गईं। बरेली के बहेड़ी और भोजीपुरा में आकाशीय बिजली गिरने से रविवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई।

**किस जिले में कितनी संख्या में हुई मौत :** शासन की ओर से रविवार को आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली गिरने के कारण प्रदेशभर में हुई मौतों का आंकड़ा जारी किया। राहत आयुक्त कार्यालय से जारी इस सूची के अनुसार 14 जिलों में कुल 25 लोगों की मौत मौसम की मार के कारण हुई है। इस क्रम में राजधानी लखनऊ, कानपुर देहात, कुशीनगर, शाजाहांपुर, हरदोई, संभल, झांसी, जालौन और बिजनौर एक-एक मौत हुई है। प्रयागराज में पांच, बरेली में दो, ललितपुर में दो, गोरखपुर में दो जबकि जौनपुर में तीन मौतें हुई हैं। मरने वालों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। मुख्यमंत्री योगी ने आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि पर गहरा शोक जताया है।



प्रयागराज में चली धूल भरी आंधी।

### कानपुर में धूप-उमस से 18 की गई जान

**कानपुर।** सूरज की तपिश और उमस के कारण हालत बिगड़ने से 18 लोगों की मौत हो गई। शनिवार को अस्पताल पहुंचे पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सड़क किनारे व सेंट्रल स्टेशन पर 13 लोग मृत मिले। पुलिस और परिजनों ने हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जताई है।

# पूर्व सीएम रूपाणी समेत 80 के डीएनए मैच, 33 शव परिजनों को सौंपे

अहमदाबाद, एजेंसी

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- **राजकोट में रूपाणी का आज होगा अंतिम संस्कार**



अहमदाबाद में एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के तीन दिन बाद अस्पताल अधिकारियों ने डीएनए मिलान के माध्यम से 80 लोगों की शिनाख्त कर ली है, जिनमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी नाम भी शामिल है।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक 33 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। रूपाणी उन 242 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों में शामिल थे जो लंदन के लिए रवाना एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 में सवार थे। गुजरात सरकार ने सोमवार को रूपाणी के लिए राजकीय शोक की घोषणा की है। राजकोट में शाम को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

लंदन जा रहे विमान बोइंग 787-8 (एआई 171) में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 की मौत हो गई। विमान में सवार लोगों में से केवल एक व्यक्ति ही दुर्घटना में बच पाया। घटना में मेडिकल कॉलेज के पांच छात्रों समेत 29 अन्य लोगों की भी मौत हो गई। जिन लोगों के शव सौंपे गए, वे अहमदाबाद, वडोदरा, खेड़ा, बोटाद और अन्य स्थानों से ताल्लुक रखते थे। सरकारी बीजे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर डॉ. पटेल ने बताया कि घटना में घायल हुए 51 लोगों में से 38 को छुट्टी दे दी गई है, जबकि 13 का अब भी इलाज हो रहा है।

### जांच को गठित उच्चस्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

# शहरों में 40, गांवों में 45% तक बढ़ सकती हैं बिजली दरें

- **पावर कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में रखा नया प्रस्ताव**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में शहरी क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 40 प्रतिशत तो ग्रामीण क्षेत्र में 45 प्रतिशत तक नई बिजली दरें बढ़ सकती हैं।

बिजली दरों पर सुनवाई के लिए तारीख घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में नया प्रस्ताव पेश किया है। यह पहला मौका है कि पावर कॉरपोरेशन ने श्रेणीवार वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। कॉरपोरेशन ने बीते दिनों वार्षिक राजस्व आवश्यकता का प्रस्ताव आयोग में दाखिल किया था। जिसमें आपूर्ति पर खर्च व राजस्व प्राप्ति के बाद 19,644 करोड़ रुपये का अंतर दिखाया गया था।

**प्रस्तावित श्रेणी दरों में वृद्धि**

| | |
|---|---|
| शहरी घरेलू | लगभग 35 से 40% |
| ग्रामीण घरेलू | लगभग 40 से 45 % |
| वाणिज्य | लगभग 20 से 25 % |
| उद्योग | लगभग 15 से 18 % |

# पुणे में नदी पर बना पुल ढहा, 4 की मौत, 18 घायल

- **पिकनिक मनाने वाले 100 लोग पुल पर थे मौजूद**

पुणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुराना पुल रविवार अपराह्न ढह जाने से चार व्यक्तियों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। यह पुल पैदल यात्रियों के लिए था।

यह जानकारी एक मंत्री ने दी। मंत्री ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि यह घटना पर्यटकों की भीड़ के कारण हुई, जिन्होंने वहां पर लगे चेतावनी बोर्ड को नजरअंदाज कर दिया था। एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर बचाव अभियान संचालित कर रही है ताकि ढांचे के हिस्सों को हटाया जा सके और उसमें फंसे हुए एक व्यक्ति का पता लगाया जा सके। तलेगांव दाभाडे पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रदीप रायनवार ने कहा, पुल के ढहे हिस्से के नीचे से दो शव बरामद किए गए हैं, जबकि बचाए जाने के बाद इलाज के दौरान दो लोगों ने दम तोड़ दिया। जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी और पिकनिक मनाने वाले कम से कम 100 लोग वहां मौजूद थे। जिला प्रशासन की ओर से जारी एक बयान में बताया गया, इस दुर्घटना में अब तक 38 लोगों को बचाया गया है, जिनमें से 18 गंभीर रूप से घायल हैं और उनका तीन अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है।



पुणे में इंद्रायणी नदी पर ढहा लोहे का पुल।

# आतंक से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- **प्रधानमंत्री तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा**

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।

(संबंधित पेज-12)



साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

### साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

# बारिश में फिर नाले में जा रही सिल्ट, ऐसी सफाई का क्या फायदा

## विधान परिषद समिति की बैठक में सदस्यों ने नालों की सफाई के बाद सिल्ट इधर-उधर डालने का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



विकास भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते विधान परिषद समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- मच्छर मारने के लिए छिड़की जा रही दवा की हो जांच, गैरहाजिर मुख्य अभियंता व अपर मुख्य अधिकारी तलब
- विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत और निगम के कार्यों की हुई समीक्षा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की समिति ने विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत और नगर निगम में अनियमितताओं की जांच और विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि नालों की सफाई के बाद सिल्ट इधर-उधर डाल जाती है और यह बारिश में फिर नाले में जली जाती है। ऐसी सफाई का क्या फायदा। इसके अलावा मच्छरों को मारने के लिए फागिंग की गुणवत्ता, स्कूल-कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं के मुद्दे भी उठाए। समिति ने बैठक से गैरहाजिर रहने पर आवास विकास परिषद के मुख्य अभियंता राजेंद्र नाथ और शाहजहांपुर जिला पंचायत के एएमए (अपर मुख्य अधिकारी) संतोष कुमार को लखनऊ तलब कर लिया है।

समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में रविवार को बरेली और शाहजहांपुर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक में समिति ने बीडीए से रामगंगा नगर परियोजना के कार्यों की जांच को लेकर जवाब मांगा। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए ने कहा कि कुछ स्थानों को कब्जा मुक्त करते हुए प्लाट आवंटित कर दिए गए हैं। तीन वाटर टैंक निर्माणाधीन हैं। प्राधिकरण की आय में लगातार वृद्धि हुई है। समिति ने कार्य पूरा होने पर अवगत कराने को कहा।

समिति को शाहजहांपुर आवास विकास परिषद की ओर से बताया कि उनके पास तीन परियोजनाएं हैं। कोर्ट में मामले लंबित होने की वजह से अवैध कब्जे हटाने की संख्या शून्य बताई गई। सभापति ने प्रभावी पैरवी कराते हुए कोर्ट से जल्द से जल्द निर्णय कराने पर जोर दिया। इस दौरान समिति ने ईडब्लूएस, एलआईजी, एमआईजी और व्यवसायिक भूखंडों के बारे में भी जानकारी ली।

समिति के सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त ने विकास प्राधिकरण के सापेक्ष आवास-विकास के कार्यों की सुस्त गति का मुद्दा उठाया। कहा कि ऐसा होने से आवास विकास के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिह्न है। सदस्य जयपाल सिंह व्यस्त और हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि देखा जाता है कि नगर निगम क्षेत्र में नाला सफाई के बाद सिल्ट को इधर-उधर डाल दिया जाता है, इससे बारिश होने पर मलबा दोबारा नाले में चला जाता है। ऐसी सफाई होने से क्या फायदा, इसे गंभीरता से लिया जाए। मच्छरों के खात्मे के लिए होने वाले छिड़काव में मिलाई जाने वाली दवाओं का सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता की जांच नगर आयुक्त खुद कराएं। वहीं स्कूल-कॉलेजों में मूलभूत सुविधाओं का मुद्दा उठा। कहा कि कई स्कूलों में शौचालय, पीने वाले पानी की व्यवस्था कराई जाए। बैठक में सदस्य रवि शंकर सिंह, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, आंवला भाजपा अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, निजी सचिव धर्मेन्द्र सिंह, अपर निजी सचिव अजय चौहान, समीक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र, समीक्षा अधिकारी अभिषेक कुमार पांडेय, डीएम अविनाश सिंह, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष बीडीए मनिकंडन ए. वृत्त लेखक अर्जित वाजपेयी आदि मौजूद रहे।

### नगर आयुक्त से पूछा, कहीं सुविधाओं का अभाव तो नहीं

समीक्षा बैठक के दौरान सभापति ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से वायु प्रदूषण, टैक्स की वसूली, निगम के वार्डों में मूलभूत सुविधाओं पर पूछा कि कोई ऐसा वार्ड या मोहल्ला तो नहीं है, जहां पर सुविधाओं का अभाव है। नगर आयुक्त ने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जहां पर समस्या है, उन्हें प्राथमिकता पर दूर कराया जा रहा है।

### नगर आयुक्त से पार्षद मिल पाते हैं या नहीं

नगर निगम शाहजहांपुर की ओर से वसूली के बारे में समिति ने पूछा तो बताया गया कि 29 करोड़ की वार्षिक वसूली है। इस पर समिति ने सवाल दागा कि आय बढ़ाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। बताया गया कि नए क्षेत्र चिह्नित किए जा रहे हैं। समिति ने यह भी पूछा कि नगर आयुक्त से मिलने में पार्षदों को कोई दिक्कत तो नहीं होती है। गोशालाओं पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। आवास विकास परिषद बरेली ने बताया कि उनकी पांच परियोजनाओं को बीडीए को हैंडओवर किया जा चुका है। आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग पर की गई कार्रवाई के बारे में भी समिति ने पूछा।

### डीएम और बीडीए के कार्यों की समिति ने की सराहना

समीक्षा बैठक के दौरान समिति ने सीएम डैशबोर्ड में विकास कार्यों की रैंकिंग में प्रदेश में पहला स्थान मिलने पर डीएम अविनाश सिंह की कार्यशैली की सराहना की गई। बीडीए की ओर से किए गए कार्यों की भी समिति ने प्रशंसा की। इसमें प्रमुख कार्यों में रामायण वाटिका और नॉथ कारिडोर सराहे गए। इस दौरान समिति ने एएमए जिला पंचायत बरेली को निर्देश दिए कि ग्रामीण इलाकों में नए अस्पताल और मैरिज हॉल का पंजीकरण कराने के लिए नोटिस जारी किए जाएं, जिससे आय बढ़ेगी। व्यवसायिक भवनों के नक्शा पास करने पर कॉमर्शियल रेट लगाने और जिला पंचायत क्षेत्र में आने वाले आठ विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं कराने के आदेश दिए।

## एमएसडब्ल्यू की सम सेमेस्टर की परीक्षा 20 से

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएसडब्ल्यू द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक परीक्षा 20 जून से 28 जून तक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे की पाली में होगी।

## बरेली कॉलेज : पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सात हजार से अधिक आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश के लिए छात्र कर रहे हैं आवेदन
- कला संकाय अब भी छात्रों की पहली पसंद, सबसे ज्यादा आवेदन

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले को लेकर विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आंकड़े भी यही बता रहे हैं। कुछ दिनों में 7196 विद्यार्थियों ने कॉलेज में विभिन्न कोर्सों में प्रवेश के लिए आवेदन किए हैं। सबसे ज्यादा रुझान बीए (प्रथम वर्ष) में देखने को मिला है, जिसमें अब तक 3270 छात्र-छात्राएं आवेदन कर चुके हैं।

यह दर्शाता है कि कला संकाय अब भी छात्रों की पहली पसंद बना हुआ है। विज्ञान संकाय में भी विद्यार्थियों की रुचि बढ़ती नजर आ रही है। बीएससी बायोलॉजी प्रथम वर्ष में 1293, बीएससी मैथ्स प्रथम वर्ष में 460 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वाणिज्य संकाय में बीकॉम प्रथम वर्ष में 980 छात्रों ने आवेदन किया है, जबकि बीकॉम ऑनर्स में 296 विद्यार्थियों ने दिलचस्पी दिखाई है। वहीं, प्रोफेशनल कोर्स की बात करें तो बीसीए प्रथम वर्ष में 488 और बीबीए प्रथम वर्ष में 409 आवेदन अब तक आ चुके हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रो वंदना शर्मा ने बताया कि पिछले साल भी करीब नौ हजार से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किए थे। इस साल ये आंकड़ा बढ़ सकता है। प्रवेश के लिए इस बार भी मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। आवेदन की बढ़ती संख्या को देखते हुए छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धा भी काफी कड़ी रहने की उम्मीद है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है और जल्द ही प्रवेश की कट ऑफ सूची जारी की जाएगी। सभी छात्रों से दस्तावेज सही तरीके से अपलोड करने और समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

## डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों का अनिश्चितकालीन धरना आज से

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) शिक्षकों की मांगों को लेकर सोमवार से डीआईओएस कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देगा।

जिलाध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा ने बताया कि डीआईओएस कार्यालय पर गांधीवादी तरीके से शांतिपूर्वक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कहा कि डीआईओएस कार्यालय में नागरिक घोषणा पत्र लागू नहीं करने से लेटलतीफी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस शोषण के खिलाफ शिक्षकों में भारी रोष है। संगठन ने 30 मई को शिक्षकों की पदोन्नति, प्रोन्नत वेतनमान, एनपीएस एरियर आदि मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय में ज्ञापन दिया था, जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। 9 जून को फिर दिए ज्ञापन में संगठन ने एक सप्ताह में नियमानुसार इन प्रकरणों के निस्तारण न करने पर धरना- प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। सोमवार से धरना प्रदर्शन करने का फैसला लिया। मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह, मंडलीय मंत्री डॉ. नरेश सिंह, जिलामंत्री मुन्नेश अग्निहोत्री, रामानंद कोली, मुकुल मोहन, शेर सिंह, राजेन्द्र शर्मा, कमलेश, लता आदि ने कहा कि सभी मांगों पूरा न होने तक शिक्षक धरने पर बैठेंगे।

## स्कूली वाहनों की फिटनेस की होगी जांच

**बरेली, अमृत विचार:** गर्मी की छुट्टी के बाद 1 जुलाई से स्कूल खुलेंगे। इस दौरान परिवहन विभाग की ओर से स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। स्कूली वाहनों में फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स और जीपीएस सिस्टम अनिवार्य रूप से होने चाहिए।

एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार ने बताया कि अप्रैल में स्कूली बसों के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इस दौरान 48 वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया था जिनकी 15 साल से अधिक अवधि थी, फिट नहीं थे और परमिट खत्म हो चुका था। स्कूल संचालकों को हिदायत दी गई थी कि वाहनों का परमिट कराने के साथ ही फिटनेस करा लें। इसके बावजूद कई स्कूली बसों ने परमिट नहीं लिए हैं। एआरटीओ के मुताबिक विभाग ने स्कूली वाहनों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है। जुलाई में स्कूलों में भी जाकर वाहनों की फिटनेस प्रमाण पत्र की जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## अब नौकरी खुद पैदा करनी होगी : समीर



तालीमी कॉन्फ्रेंस में बोलते समीर अहमद सिद्दीकी व मंचासीन अतिथि।

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- पैगाम-ए-इंसानियत की तालीमी कान्फ्रेंस आयोजित

**अमृत विचार :** पैगाम-ए-इंसानियत की ओर से रविवार को आईएमए हॉल में तालीमी कान्फ्रेंस का आयोजन हुआ।

इस मौके पर अलिफ एकेडमी के संस्थापक समीर अहमद सिद्दीकी ने कहा कि हम उस जमाने में कदम रख रहे हैं, जहां नौकरी के दरवाजे बंद हो रहे हैं। इसलिए बच्चों को नौकरी खुद पैदा करनी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि अब रटने का नहीं बल्कि समझकर सीखने का जमाना है। सोचकर समझकर तालीम हासिल करें। कारोबार करने वाले लोगों को तब ही कामयाबी मिलेगी, जब अपने धंधे में इनोवेशन करेंगे। उन्होंने कहा कि जमाना रोबोट्स का आने वाला है। डॉ. शारिक वदूद ने पैगाम-ए-इंसानियत के समर क्लास के बारे में बताया। कर्नाटक से आए फिजीशियन डॉ. ताहा मतीन ने अध्यक्षता की। डॉ. मतीन ने छात्रों के सामने शिक्षा के बुनियादी बिंदुओं पर अपनी बात रखी। जहीर अब्बास ने भी विचार रखे। अहमद अजीज, डॉ. अय्यूब अंसारी, जहीन अहमद, सय्यद इकराम हुसैन, सलीम कुरैशी, सुरमा कारोबारी हाजी शवेज हाश्मी आदि मौजूद रहे। मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## बरेली कॉलेज में भवनों की छतों की होगी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिल्डिंग कमेटी के सदस्यों ने खोला टेंडर, जल्द शुरू होगा काम
- 11 विभागों की छतें हैं जर्जर, कुछ कमरों में बनाया जाएगा पार्टीशन

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में 11 विभागों की लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी छतों की मरम्मत जल्द शुरू की जाएगी। कॉलेज प्रशासन की ओर से शनिवार को गठित बिल्डिंग कमेटी की बैठक में इसका निर्णय लिया गया। इसके अलावा कुछ कमरों में आंतरिक पार्टिशन के लिए टेंडर खोला गया।

कॉलेज प्रशासन के अनुसार हिंदी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र सहित कई विभागों की छतें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं और बरसात में लगातार पानी टपकने की शिकायत मिल रही थी। इससे न केवल शिक्षकों और छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, बल्कि दस्तावेजों और संसाधनों को भी नुकसान हो रहा था। बिल्डिंग कमेटी के अध्यक्ष और कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि मरम्मत कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले कुछ दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और समयबद्धता को ध्यान में रखते हुए मरम्मत कार्य कराया जाएगा, ताकि आगामी सत्र में शिक्षण कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके अतिरिक्त जिन विभागों में जगह की कमी है वहां पार्टीशन बनाकर अतिरिक्त कक्ष बनाए जाएंगे। इससे शिक्षकों के बैठने और छात्रों के लिए कक्षाओं के संचालन में सुविधा होगी।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार–बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार–शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समय:- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाइट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. P.G.D.C.A. B.Ed. M.Com. M.A.
B.Sc. (Biotechnology) B.Sc. (PCM/ZBC) BCA BBA B.A.
B.Sc. (Home Science) B.Com. B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

वर्ष 1988 से खुसरो मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित
खुसरो कॉलेज
स्लीपर रोड सी.बी.गंज, बरेली
फोन 7417587162, 8923928009
Courses Offered:
B.A., B.Sc, B.Com, B.B.A., BCA, M.Com, M.Sc. (Chemistry, Physics, Zoology, Botany, Mathematics) M.A. (English, Hindi, Economics) Sociology, Political Science, Urdu, Education, History
नोट:- इस वर्ष आधी फीस पर प्रवेश
I.T.I. - Fitter, Electrician, Copa, Welder




# गिरफ्तारी नहीं दे सके मौलाना तौकीर, पुलिस ने घर में ही रोका

## तौकीर रजा बोले, पुलिस मुझसे जुड़े लोगों को नहीं रोक पाएगी, बजरंग दल जैसे संगठन हमारे समाज के लोगों की कर रहे हैं लिंचिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को गिरफ्तारी देने की कोशिश की लेकिन फोर्स तैनात होने की वजह से वह सौदागरान स्थित घर से बाहर ही नहीं निकल सके। इस पर वह भड़क गए और कहा कि देश के हालात बेहद खराब हैं। गिरफ्तारी की मुहिम देश भर में जारी रहेगी। गिरफ्तारी का सिलसिला तब तक चलेगा जब तक ये तमाम बेमानी रुकेंगी नहीं। हालांकि आईएमसी के अन्य पदाधिकारी अपनी गिरफ्तारी देने के लिए दामोदर पार्क पहुंच गए। वहां पर उन्होंने ज्ञापन देकर जमकर नारेबाजी की।

मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार को एलान किया था कि मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है। जिसके विरोध में वह अपने 10 साथियों के साथ रविवार को सेठ दामोदर स्वरूप पार्क पहुंचकर गिरफ्तारी देंगे। इसको लेकर शनिवार रात से ही मौलाना और उनके पार्टी के नेताओं के घरों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात करके नजरबंद कर दिया गया था। रविवार सुबह से बिहारीपुर से लेकर मोहल्ला सौदागरान तक पुलिस, पीएसी, आरएएफ और अधिकारियों ने डेरा डालना शुरू कर दिया। दोपहर 12 बजे के बाद मौलाना तौकीर के घर पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई। काफी देर मौलाना के साथ बंद कमरे में बातचीत का सिलसिला चला। दोपहर डेढ़ बजे मौलाना जब अपने घर से गिरफ्तारी देने के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया।



घर से बाहर आने से की कोशिश करते मौलाना तौकीर रजा।



मौलाना को गिरफ्तारी देने से रोकने के लिए घर के बाहर खड़ी पुलिस। ● अमृत विचार

इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए तौकीर रजा खां ने कहा कि देश के हालात बेहद खराब हैं। कानून व्यवस्था को बिगाड़ने का काम पुलिस और शासन कर रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस भले ही मुझे रोक ले, लेकिन मेरे साथ के लोग गिरफ्तारी का सिलसिला जारी रखेंगे। यह गिरफ्तारी तब तक होगी जब तक तमाम बेइमानी नहीं रुकेंगी। मौलाना ने कहा कि पहले में 11 लोगों के साथ गिरफ्तारी देने जा रहा था, लेकिन पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। अब सोमवार को 72, मंगलवार को 313, उसके बाद 917 और अंत में पूरे देश में गिरफ्तारी दी जाएगी। यह आंदोलन अब थमने वाला नहीं है। उन्होंने पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कानून व्यवस्था को सुधारने की बजाय पुलिस खुद उसे बिगाड़ने का काम कर रही है।



सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में ज्ञापन सौंपते आईएमसी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पुलिस और सरकार हिंदू बनकर कर रही काम

मौलाना मौलाना तौकीर रजा खां ने कहा कि सरकार और पुलिस खुद संविधान की धज्जियां उड़ा रही हैं। पुलिस और सरकार हिंदू बनकर काम कर रही है। सरकार के लिए प्रदेशभर के हिंदू, मुसलमान, सिख ईसाई एक समान होने चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री हिंदू की हैसियत से काम कर रहे हैं। अदालत के आदेश के बिना बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। हमारे समाज के बच्चों पर अत्याचार हो रहे हैं। गोलियां और लाठियां चलाई जाती हैं। आज भी पुलिस अंग्रेजों के बनाए मैनुअल पर काम कर रही है, जिसमें पहले देशप्रेमियों पर वार होते थे, आज वही मुस्लिम देशप्रेमियों के साथ हो रहा है। मौलाना तौकीर ने कहा कि बजरंग दल जैसे अन्य संगठन हमारे समाज के लोगों की लिंचिंग कर रहे हैं। हम लोग कभी भी कानून व्यवस्था खराब नहीं करते। सरकार हमारे समाज के लोगों के खिलाफ जानबूझकर एकतरफा कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

### एसपी समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स रहा तैनात

आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने शनिवार की रात ही हमें और हमारे साथियों के घरों पर पुलिस भेज कर दबाव बनाना चाहा। उन्हें, जिलाध्यक्ष शमशाद बाबू, महानगर अध्यक्ष साजिद सकलैनी को हाउस अरेस्ट कर दिया था। मौलाना की गिरफ्तारी के ऐलान के बाद बड़ी तादात में भीड़ आने की आशंका को देखते हुए पुलिस की ओर से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक और एसपी नॉर्थ मुकेश चंद्र मिश्र समेत तीन एडिशनल एसपी, चार सीओ, 12 इंस्पेक्टर, 500 कांस्टेबल और एक कंपनी पीएसी तैनात रही।

## एक नजर

### दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** दो लाख रुपये नकद और बाइक न मिलने पर पति ने महिला को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। महिला की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जोगीनवादा निवासी सोनम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह बदायूं के मोहल्ला नई बस्ती निवासी शाहरुख के साथ हुआ था। निकाह के बाद से ही पति शाहरुख, ससुर सुल्तान, जेठ शान, जेठानी फूल बी, देवर मोहम्मद कासिम दहेज के मांग करते हुए उत्पीड़न करने लगे। 25 मई 2022 को सभी ने एक राय होकर उसे घर से निकाल दिया और कहा कि जब तक दो लाख रुपये और बाइक नहीं लाओगी तब तक घर में मत आना। 20 मार्च को वह जब ससुराल गई तो पति ने तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया।

### युवती का रास्ता रोककर छेड़छाड़, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने बालाजी विहार निवासी दिनेश के खिलाफ थाना प्रेमनगर में बेटी से छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि दिनेश उनकी बेटी को देखकर अश्लील हरकतें करता है। रास्ता रोकता है, जिससे उनकी बेटी डर के कारण घर से नहीं निकलती है। शुक्रवार रात को जब वह ड्यूटी से आ रहे थे, तब आरोपी ने उन्हें देखकर बेटी का नाम लेकर अश्लील कमेंट किए। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की।

### युवती के नाम से बनाया फर्जी फेसबुक अकाउंट

**बरेली, अमृत विचार :** युवती के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर शोहदे ने तस्वीरें पोस्ट कर दीं। युवती ने थाना बारादरी में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि किसी व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बना ली है। अब आरोपी उसके फोटो वायरल कर रहा है। इससे उसे परेशानी हो रही है।

### एक्स पर झूठी शिकायत करने वाले पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** भगवानपुर धीमरी निवासी सिराजउद्दीन ने थाना इज्जतनगर में शिकायती पत्र देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक ने बताया कि किसी व्यक्ति का एक्स पर धर्म निरपेक्ष गणराज्य के नाम से अकाउंट है। आरोपी पीड़ित की झूठी शिकायतें इस आईडी के माध्यम से करता है। शिकायतों के आधार पर पुलिस बार-बार उसके घर पर आती है।

### भट्टे पर काम करते समय मजदूरों पर गिरी बिजली

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शेरगढ़ क्षेत्र के गांव नूराबाद के पास ईंट भट्टे पर काम करने बिहार से आए मजदूरों पर बिजली गिर गई। बारिश से बचने के लिए तीनों झोपड़ी में बैठे थे। इसी दौरान बिजली गिर गई, जिससे तीन मजदूर झुलस गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका उपचार कर वापस भट्टे पर भेजा दिया। दिलकुश, राजन, पप्पू बिहार निवासी ईंट भटठे पर आकाशीय गिरने से झुलस गए। इन तीनों में पप्पू ज्यादा झुलसा है, हालांकि तीनों की स्थिति सामान्य है।

# हैदरी दल के दो और सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने हैदरी दल से जुड़े दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक कंप्यूटर साइंस तो दूसरा होम्योपेथिक मेडिसिन का छात्र है। सोमवार को दोनों आरोपियों का चालान किया जाएगा। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी जैश इज्जतनगर की बैरियर टू चौकी क्षेत्र का निवासी है। वह होम्योपैथिक मेडिसिन का छात्र है। वह पढ़ाई के साथ क्लिनिक भी चलाता है। वहीं बहेड़ी निवासी शानू निजी विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस का छात्र है। दोनों हैदरी दल की बैठकों में भाग लेते थे। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं है कि उनके समुदाय की महिलाएं और युवतियां गैर धर्म के लोगों से बात करें। इसलिए वे इंस्टाग्राम आईडी पर ऐसी युवतियों के वीडियो बनाते हैं जो उनके समुदाय की हैं और गैर धर्म के युवकों से बात करती हैं। इससे पहले भी हैदरी दल के दो सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### शानू ने बनाया था दल, जैश ने जोड़ा चंदा

आरोपी शानू ने बताया कि उसने इंस्टाग्राम पर हैदरी दल के नाम से कई आईडी बनाई हैं। इसमें उसका सहयोग जैश ने किया। जैश ने दल से लोगों को जोड़ा और चंदे की व्यवस्था की। दोनों ने बताया कि उनके समाज की युवतियां दूसरे धर्म के लोगों से बातचीत करती हैं। ये उन लोगों को बिल्कुल पसंद नहीं है। यही वजह रही कि 7 जून को उन्होंने अपने समुदाय की युवतियों को गैर धर्म के युवकों के साथ बैठे देखा तो उन्हें बुरा लगा था। इसलिए वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम आईडी पर वायरल किए थे।

● **इंस्टाग्राम पर कई आईडी बनाकर अपने समुदाय की युवतियों के वीडियो और फोटो किए थे वायरल**

## खाते से निकाले एक लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट के चनहेटा गांव निवासी अतुल के खाते से अज्ञात व्यक्ति ने एक लाख रुपये निकाल लिए। अतुल ने बताया 26 मई को वह चनहेटी बाजार गया था। रास्ते में उसका मोबाइल गिर गया। मोबाइल के कवर में उसका एटीएम भी रखा था। उन्होंने अपना खाता चेक कराया तो पता चला कि किसी व्यक्ति ने खाते से 99999 रुपये निकाल लिए हैं। आरोपी ने उनके मोबाइल से यूपीआई बनाकर एटीएम का नंबर डालकर खाते से रुपये निकाले हैं। एसएसपी के निर्देश पर बारादरी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित का खाता आईडीबीआई बैंक थाना बारादरी क्षेत्र में है।

# चार साल के बच्चे पर कुत्तों ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शीशगढ़ में घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को कई बार काटा। गंभीर हालत में घायल बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शीशगढ़ निवासी रामबाबू का चार वर्षीय बेटा राघव रविवार सुबह घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने बच्चे को कई बार काटा। उसकी गर्दन पर मुंह पर कई गंभीर घाव हुए हैं। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया। परिजन तुरंत बच्चे को लेकर दोपहर करीब एक बजे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे तो यहां बच्चे को एआरवी वैक्सीन के साथ ही एंटी रैबीज सिरम लगाया गया। हालांकि बच्चे को घर भेज दिया गया है।



इमरजेंसी वार्ड में सिरम लगवाने से पहले बच्चे का घाव दिखाते परिजन।

● **शीशगढ़ में घर के बाहर खेल रहा था बच्चा, गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती**

### बढ़ रहा एआरवी का ग्राफ

जिले में आवारा पशुओं के काटने के लगातार मामले बढ़ रहे हैं। इन पर रोकथाम नहीं लग रही है। तीन सौ बेड अस्पताल स्थित एआरवी केंद्र पर रोजाना 200 से 250 मरीज एआरवी लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। कई बार तो आंकड़ा 300 भी पार कर जाता है।

# बिजली गिरने से दो युवकों की मौत, तीन लोग झुलसे

संवाददाता, बहेड़ी/भोजीपुरा

**अमृत विचार :** बहेड़ी और भोजीपुरा में बिजली गिरने से रविवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई। वहीं शेरगढ़ में तीन लोग झुलस गए। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बहेड़ी के गांव सिमरा निवासी 22 वर्षीय फरदीन अंसारी बाइक से रविवार सुबह 7:30 बजे किसी काम से घर से बाहर निकला था और गांव लालू नगला होते हुए मिर्जापुर रंजीत पुल के पास पहुंचा, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह पुल के पास एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बहेड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं भोजीपुरा के गांव जटौआ निवासी दुर्गा प्रसाद (25) रविवार सुबह 5:30 बजे घर से शौच के लिए गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव गांव के पास ही एक निर्माणाधीन राइस मिल की बाउंड्रीवॉल के पास पड़ा मिला। मृतक के पिता मोहन लाल की सूचना पर चौकी इंचार्ज धौराटांडा संजय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की।

प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि दुर्गा प्रसाद की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है। परिजनों के कहने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।



फरदीन (फाइल फोटो)।

● **बहेड़ी और भोजीपुरा क्षेत्र में हुए हादसे**

## नशा तस्कर हीरालाल के खिलाफ पिट एनडीपीएस की कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** नशा तस्कर हीरालाल के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है। अब वह एक वर्ष से अधिक जेल में बंद रहेगा।

एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से शासन को भेजे गए प्रस्ताव के बाद यह कार्रवाई की गई। हीरालाल पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं।

वह बरेली की जिला जेल में बंद है। कई बार हीरालाल तस्करी में पकड़ा जा सका है। इसके बाद भी वह इस धंधे में संलिप्त रहा। अब उसके खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत एक साल की निरोधात्मक कार्रवाई की गई है, जिससे वह बाहर रहकर फिर से नशे का धंधा न चला सके। आरोपी हीरालाल पर आंवला थाने में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

# ओएचई लाइन में खराबी से देरी से पहुंची ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइन में खराबी आने से दिल्ली की ओर जाने वाली कई ट्रेनें घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंची। इसके अलावा अन्य कारणों की वजह से भी कई ट्रेनें देरी से पहुंचीं। वहीं ट्रेनों में पानी की कमी न होने से भी यात्री परेशान हुए।

दोपहर करीब 12 बजे ओएचई लाइन में तकनीकी खराबी की वजह से प्रमुख ट्रेनों को बीच रास्ते में ही रोकना पड़ा। कुछ ट्रेनों को स्टेशनों पर खड़ा कर दिया गया, तो कुछ की रफ्तार बेहद धीमी कर दी गई। इसकी वजह से 15075 बरेली दिल्ली पैसेंजर भी आधे घंटे बाद बरेली से चली। इस दौरान 12583 आनंद विहार टर्मिनल डबल डेकर भी गाजियाबाद में करीब दो घंटे खड़ी रही। 04049 ऐशबाग-नई दिल्ली स्पेशल भी 3 घंटे 48 मिनट देरी से दिल्ली पहुंची। शाम को लाइन को दुरुस्त किया गया तब ट्रेनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। रेलवे ने यात्रियों से हुई असुविधा के लिए खेद जताया है।

राजगीर समर स्पेशल पहुंची 28 घंटे 35 मिनट लेट

समर स्पेशल ट्रेन राजगीर 28 घंटे 35 मिनट और 15119 जनता एक्सप्रेस एक घंटा 57 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा 14691 मोरध्वज एक्सप्रेस 40 मिनट, अवध असम 7 घंटे, 12369 कुंभ एक्सप्रेस 45 मिनट, 15073 त्रिवेणी एक्सप्रेस 36 मिनट, 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस 32 मिनट और 12583 आनंद विहार टर्मिनल डबल डेकर एक घंटा 21 मिनट की देरी से पहुंची।

**नौचंदी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में पानी नहीं आने से यात्री परेशान :** 04242 नौचंदी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में पानी नहीं आने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई। यही नहीं ट्रेन 2 घंटा 31 मिनट की देरी से भी पहुंची। बरेली जंक्शन पर कोच में पानी भरा गया।



बरेली जंक्शन पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करते यात्री। ● अमृत विचार

● **गाजियाबाद में खराब हुई ओएचई कई ट्रेनों को किया गया डायवर्ट**

### लखनऊ समर स्पेशल का एसी खराब

04210 लखनऊ समर स्पेशल का एसी खराब हो गया। यात्रियों की शिकायत पर रेलवे कर्मियों ने एसी को दुरुस्त कराया। ट्रेन 11 घंटे की देरी से पहुंची। यात्रियों को गर्मी और देरी से दोहरी मार पड़ी।

### जंक्शन पर भी यात्रियों को परेशानी

बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर रविवार को बैठने की जगह नहीं मिलने पर यात्री गत्ते और बोरी बिछाकर जमीन पर बैठ गए। प्लेटफार्म पर लगे वाटर कूलर या तो खराब हैं या उनमें पानी नहीं है। यात्री 20 रुपये की बोतल खरीदने को मजबूर हैं। ट्रेनों के भीतर हालत और भी खराब हैं। जनरल बोगी में इतनी भीड़ है कि यात्री शौचालयों में बैठकर सफर करने को मजबूर हैं। सुल्तानपुर निवासी विमला देवी ने बताया कि बच्चे के साथ सफर कर रही हूं। दो घंटे का सफर छह घंटे में भी पूरा नहीं हुआ।



सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरूष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक
डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)
डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरूषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरूषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

## बिजली कर्मचारी पर वसूली का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र की एचआर टीम में शामिल एक बिजली कर्मचारी पर अधिवक्ता ने वसूली करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत अधिकारियों से की गई है। आरटीआई एवं सोशल एक्टिविस्ट मुहम्मद खालिद जीलानी एडवोकेट ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए शहरी क्षेत्र में गठित की गई टीम में शामिल एक कर्मचारी हर रोज सुबह मार्निंग रेड अभियान में शामिल होता है। जबकि दिन में कचहरी पर वकील की पोशाक पहनकर वकालत करता है। आरोप है कि मार्निंग रेड में शामिल बिजली कर्मचारी लोगों से लेनदेन करके मामले को निपटवाता है। उन्होंने मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बार कौंसिल से कार्रवाई की मांग की है।

# पत्नी की बेरहमी से की हत्या पुलिस ने पति को भेजा जेल

## भमोरा के गांव दलीपुर में वारदात, आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा था

संवाददाता, बरेली/भमोरा

**अमृत विचार :** भमोरा थाना क्षेत्र के गांव दलीपुर में शनिवार रात शराबी पति ने महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कुंवरसेन उर्फ ऋषिया काफी समय से लुधियाना में रहकर नौकरी करता था। वहीं पर उसकी मुलाकात बिहार निवासी पुष्पा से हो गई। इसके बाद दोनों के बीच प्रेमप्रसंग हो गया और दोनों ने शादी कर ली। इसके बाद दोनों दलीपुर चले आए। शनिवार को वह शराब के नशे में था। उसने पुष्पा से खाना मांगा। इसी बीच पुष्पा से उसका विवाद होने लगा तो उसने चाकू, सब्जी छीलने वाले कटर और बेल्ट से पुष्पा की हत्या कर दी। शोरशराबा सुनकर आसपास के लोगों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और भमोरा पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर देर रात एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, सीओ आंवला, भमोरा पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। एसपी दक्षिणी ने बताया कि आरोपी कुंवरसेन ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### गांव में धधक रहीं शराब की भट्टियां

गांव के लोगों ने बताया कि दलीपुर गांव में कई लोग अरिल नदी के किनारे कच्ची शराब बनाते हैं। शराब को गांव के करीब 40 लोग बेचते हैं। परचूनी की दुकानों पर शराब बिकती है। गांव की युवा पीढ़ी भी शराब की लत में पड़ गई है। 14 साल पहले शिकायत करने पर तस्करों ने गांव के मोर सिंह की हत्या पुआल में जिंदा जलाकर कर दी थी।

### शाम आठ बजे पुष्पा को परिजनों ने बचाया

गांव के लोगों ने बताया कि शनिवार शाम को कुंवरसेन शराब पीकर आया था। रात 8 बजे पुष्पा का उससे विवाद हो गया, तब वह पुष्पा की हत्या करने की कोशिश करने लगा तो आरोपी की मां फूलावती ने गांव के लोगों को बुलाकर पुष्पा को बचा लिया। इसके बाद वह दोबारा शराब पीकर रात को आया और पुष्पा की हत्या कर दी। लोगों ने बताया कि कुंवरसेन के आचरण से परेशान होकर उसका भाई राजवीर अपने हिस्से की जमीन बेचकर बच्चों सहित गांव से बाहर चला गया है। कुछ महीने पहले राजवीर अपनी मां से मिलने के लिए गांव आया था, तब कुंवरसेन ने उसके साथ भी मारपीट की थी।

## कृषि वैज्ञानिकों ने 36 हजार किसानों से किया संवाद

**बरेली, अमृत विचार:** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), केवीके और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान 36 हजार किसानों से संवाद किया गया है।

- **विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून तक चलाया गया था**

उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से शुरू होकर 12 जून तक चला था। इस अभियान में जिले की समस्त 15 ब्लाकों में ग्राम स्तर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से वैज्ञानिकों ने किसानों को दलहन उत्पादन की नवीनतम तकनीकों, जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक खेती, मृदा स्वास्थ्य सुधार और उन्नत बीजों के उपयोग संबंधी जानकारियां दीं। किसानों को पीएम-किसान योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा, ड्रोन प्रौद्योगिकी और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसी सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। अभियान में 36 हजार किसानों से संवाद होने पर उनको खेती की नई तकनीक और पद्धति की जानकारी दी।

## युवक पर किया हमला, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने घर के बाहर खड़े युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। शिकायत पर प्रेमनगर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोहाड़ापीर निवासी फैजान ने बताया कि 9 जून को रात 11 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी रंजिशन लक्की शाह, शोबी उर्फ मियां, अयान, फैसल यार खां, यार खां, तासीम, मुर्शरफ, फरमान ने लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पीड़ित के भाई शालू ने बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उन पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे शालू के सिर में भी चोट लगी है।

# समाज के विकास के लिए शिक्षा और एकता बहुत जरूरी : अताउर्रहमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बहेड़ी से सपा विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर्रहमान ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा और एकता बहुत जरूरी है। बच्चों के शिक्षित हुए बिना समाज आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने यह बातें रविवार को ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन (एआईएमसीईए) की ओर से सिविल लाइंस स्थित नेहरू युवा केंद्र में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मंडलीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहीं।

एआईएमसीईए के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार नंद ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के बच्चों का उत्साह बढ़ाना है। इस दौरान मेधावी बच्चों, व्यापारियों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव सविता, जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र श्रीवास्तव, प्रदेश संगठन सचिव रवि शंकर श्रीवास्तव, मंडल सचिव धर्मपाल, जिलाध्यक्ष अमरनंद, महानगर अध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव, मुनीश चंद्र, राकेश ठाकुर, जितेंद्र श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, गौरव जीत, देवकी नंदन, डॉ. हरचरण लाल, अनिल ठाकुर, पीयूष माथुर, रामगिरीश ठाकुर, रमेश श्रीवास्तव, परमानंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


नेहरू युवा केंद्र में प्रतिभा सम्मान समारोह में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **एआईएमसीईए का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**

# बंदरों का आतंक, हाथ से छीन ले रहे सामान



जिला अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट की छत पर बैठे बंदर। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बंदरों के उत्पात से मरीज और तीमारदार परेशान हैं। स्थित यह है कि बंदर वार्ड के बाहर तीमारदार के हाथ से खाने का सामान छीन लेते हैं। मरीज और तीमारदार कई बार एडीएसआईसी कार्यालय में शिकायत दर्ज करा चुके हैं, मगर समस्या जस की तस है।

रोजाना सुबह से लेकर शाम तक वार्डों में भर्ती मरीजों को देखने के लिए तीमारदारों का आवागमन रहता है। कई बार तीमारदारों के साथ बच्चे भी होते हैं। तीमारदार जब भी बंदरों को भगाने का प्रयास करते हैं तो बंदर उग्र हो जाते हैं। इससे बच्चे सहम जाते हैं।

- **जिला अस्पताल में मरीज और तीमारदार कई बार कर चुके हैं शिकायत**

**खाना बांटना स्टाफ के लिए हो रहा दूभर :** सुबह से तीन शिफ्टों में वार्डों में भर्ती मरीजों को अस्पताल की ओर से भोजन दिया जाता है। जैसे ही किचन से खाने की पैक थाली ट्रॉली से लेकर स्टाफ निकलता है तो बड़ी संख्या में बंदर इस ट्रॉली के पीछे लग जाते हैं। अब दो सुरक्षा गार्ड डंडा लेकर मरीजों को भोजन वितरण करने के दौरान साथ रहते हैं। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर निगम को पत्र लिखा जाएगा।

## शिया समुदाय ने अकीदत से मनाई ईद ए गदीर



**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय ने रविवार को ईद ए गदीर अकीदत से मनाई। ईद ए गदीर की नमाज किला के साहूकारा स्थित शिया जामा मस्जिद में सुबह 11 : 30 बजे इमाम-ए-जुमा मौलाना शम्सुल हसन खां ने अदा कराई। महफिल-ए-गदीर में शायरों ने कलाम पेश किए। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि ईद ए गदीर शिया समुदाय के लिए बहुत बड़ा दिन है। महमूद हसन नकवी की ओर से नजर का आयोजन किया गया। रिजवान अहमद की ओर से शरबत की सबील लगाई गई। लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। मोहल्ला दीवानखाना छीपी टोला में रविवार रात शकील हसन तालिब की तरफ से एक महफिल का आयोजन हुआ। इसके अलावा स्वालेनगर स्थित शिया कर्बला में भी लोगों ने जियारत की नियाज नजर की।

## विद्युत पेंशनर्स ने बैठक कर समस्याओं पर की चर्चा




**बरेली, अमृत विचार :** विद्युत पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं को लेकर रविवार को ओडी यादव की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन में बैठक की। इसमें सचिव ओमदेव बरतरिया ने कहा कि चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावे के निस्तारण में मनमानी आपत्तियां लगाकर पेंशनर्स का उत्पीड़न किया जा रहा है। पेंशनर्स ने निर्णय लिया कि इस संबंध में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का संगठन मुख्य अभियंता से मिलकर समस्या से अवगत कराएंगे। अगर इसके बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पेंशनर्स आंदोलन करेंगे। बैठक में अशरफी सिंह, एमएस आदिल, आरके शर्मा, केके माहेश्वरी, राधेश्याम, मोहम्मद मियां, सुधीर माथुर, एमवाई आलम, नरेश सिंह, गिरीश श्रीवासतव, राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

# कोहाड़ापीर शाह बाबा के कुल में उमड़े अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कोहाड़ापीर शाह बाबा के कुल की रस्म रविवार को अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया। शुरुआत सुबह कुरानख्वानी से हुई। उसके बाद दरगाह पर संदल पेश किया गया। दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी, वसी अहमद वारसी, नईम वारसी, अकरम वारसी, सलीम रजा ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की।

फनकार मोबिन नियाजी ने कलाम पेश किए। उसके बाद रंग शरीफ पढ़ा गया। सुबह 10: 30 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की गई, जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। उसके बाद अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों के लिए दुआ की गई।



कोहाड़ापीर शाह बाबा के कुल की रस्म में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- **दरगाह शाहदाना वली के मुतावल्ली ने की चादरपोशी**
- **अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों के लिए दुआ हुई**

चौधरी असलम मियां ने बताया उर्स के मौके पर इंस्पेक्टर प्रेमनगर आशुतोष रघुवंशी और कोहाड़ापीर चौकी इंचार्ज को सम्मानित किया गया। सभी कार्यक्रम दरगाह प्रबंधक चौधरी अहमद मियां की देखरेख में हुए। कुल शरीफ की रस्म में खानकाह-ए-निजामिया के गद्दीनशीन पाशा मियां निजामी, हाजी नुरुल्ला, कसमउद्दीन घोसी, हाजी अशरफ खां आदि मौजूद रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
- M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
- B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years)
- M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# स्वस्थ रहने के लिए योग को दिनचर्या का अंग मानें

## 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह की शुरुआत के दौरान बोले सांसद छत्रपाल गंगवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत जरूरी है। योग हमें विरासत में मिला है। योग स्वस्थ जीवन का माध्यम है।

उन्होंने यह बातें रविवार को गांधी उद्यान पार्क में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह की शुरुआत करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि सभी को अपने जीवन में योग को दिनचर्या का अंग मान लेना चाहिए। कहा कि अगर हमारा शरीर स्वस्थ होगा, तभी हम विकास कर पाएंगे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रचार-प्रसार के लिए सांसद, डीएम अविनाश सिंह और सीडीओ देवयानी ने हरी झंडी दिखाकर पद यात्रा को रवाना किया।

इससे पहले डीएम ने कहा कि जब चिकित्सा की आज जैसी सुविधाएं नहीं थीं, तब लोग यौगिक क्रियाओं से ही स्वस्थ रहते थे। स्वस्थ रहने के लिए अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना ही होगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने की अपील की। सीडीओ देवयानी ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग करना आवश्यक है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला, योगासन जैसी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन गठित समितियां करेंगी। प्रत्येक प्रतियोगिता के पाच प्रतिभागियों का चयन कर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। इस दौरान सांसद, डीएम, सीडीओ व अन्य लोगों ने योग भी किया।

कार्यक्रम में रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, धन्वन्तरि आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, गंगाशील आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की भी सहभागिता रही। क्षेत्रीय यूनानी अधिकारी डॉ. मो. अब्बास अली खान, प्रतिपाल सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अजय पाल सिंह, डॉ. बृजभूषण, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. तपिश माहेश्वरी, विवेक कुमार मिश्रा, डॉ. अमरीश अवस्थी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विश्वजीत कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


गांधी उद्यान में योग करते सांसद छत्रपाल गंगवार और डीएम अविनाश सिंह।


योग सप्ताह की शुरुआत के दौरान गांधी उद्यान में योग करते लोग। ● अमृत विचार

- **सांसद, डीएम और सीडीओ ने योग के जागरूकता के लिए झंडी दिखाकर रवाना की पद यात्रा**

### 21 को बरेली कॉलेज में होगा योग संगम

21 जून को बरेली कॉलेज में वृहद सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम (योग संगम) आयोजित होगा। जिले में संचालित सभी आयुष अस्पतालों में वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधानों की ओर से योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इन अस्पतालों में योग सप्ताह के तहत 15 से 20 जून तक सुबह 6 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास के साथ ही निबंध, स्लोगन, योग चित्रकला, योगासन आदि प्रतियोगिताएं व योग कार्यशालाओं का आयोजन होगा।

## अवकाश के दिन भी झोलाछापों पर कार्रवाई करेंगी टीमें

**बरेली,अमृत विचार:** शहर से लेकर देहात तक झोलाछाप सक्रिय हैं। इन पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें अवकाश के दिन भी छापा मारेंगी और कार्रवाई करेंगी।

अधिकारियों के अनुसार मीरगंज, आंवला, फरीदपुर समेत अन्य ब्लॉकों में झोलाछाप सबसे अधिक सक्रिय हैं। इन इलाकों को विभाग की ओर से हॉट स्पॉट भी घोषित कर दिया गया है। इन ब्लॉकों और शहरी इलाकों से ही सबसे अधिक मरीज शिकायतें भी कर रहे हैं। वहीं शहर में बदायूं रोड, सुभाषनगर, कर्मचारी नगर, पुराना शहर समेत अन्य इलाकों में भी झोलाछापों का मकड़ जाल फैला हुआ है। जिले में फर्जी पैथोलॉजी लैब का संचालन भी धड़ल्ले से हो रहा है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांचें न होने के चलते मरीज इन फर्जी लैब संचालकों के पास जांच को पहुंच रहे हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने कहा कि जिले में झोलाछाप नियंत्रण को लेकर टीमें पहले ही गठित कर दी गई हैं। आगामी एक माह तक अभियान चलेगा।

## योग को अपनी आदत में शामिल करें



**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर स्थित सीआई पार्क में रविवार को योग सप्ताह का उद्घाटन पार्षद शशि सक्सेना ने किया। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. विवेक मिश्रा ने योग सप्ताह के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि निरोग रहने के लिए योग को अपनी आदत में शामिल करें। योगाभ्यास का संचालन योग प्रशिक्षिका डॉ. गरिमा सिंह और योग सहायक विजय कुमार ने किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। चिकित्सालय के कर्मचारी शैलेंद्र कुमार और बादाम सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह के निर्देशन में हुआ।

## साइक्लोथॉन से दिया फिट रहने का संदेश




**बरेली, अमृत विचार :** 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' के तत्वाधान में रविवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से साइक्लोथॉन का आयोजन हुआ, जिसमें रानी अवंतीबाई महाविद्यालय की डॉ. अनुभूति, भारतीय खेल प्राधिकरण से रोहिता, संदीप, मीना यादव, संजीव जिंदल (साइकिल बाबा) आदि ने भाग लिया। साइक्लोथॉन के जरिये फिट रहने का संदेश दिया। आयोजन में मोहित यादव, फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं साई का सहयोग रहा।

## सार-संक्षेप

### बुजुर्गों के बीच मनाया फादर्स डे



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संस्थान ने रविवार को हार्टमन स्थित काशीधाम वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के बीच फादर्स डे मनाया। इस दौरान बुजुर्गों को तेल, साबुन, पेस्ट, तौलिया, कंघा, फल, मिठाई, बिस्किट, नमकीन, हलवा और चना का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष नीलिमा पाठक ने कहा कि सभी को बुजुर्गों के साथ अपनी खुशियां बांटनी चाहिए। कभी-कभी वृद्धा आश्रमों में जाकर उनकी जिंदगी का एक खुशनुमा हिस्सा बनना चाहिए। वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर भी लगवाया गया। डाक्टर के परामर्श के बाद जरूरी दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मंडल सेवक रेनू शर्मा ने आभार जताया। जिला सेवक शिवलेस पांडे, डा. ब्रजेश पाठक, हरीश मिश्रा, अनीता शर्मा, संतोष दीक्षित, शांतनु शर्मा, रोली पांडे, महेश पंडित, ममता पंडित, सचिन पाठक, नीति शर्मा, महिमा शर्मा, अमित शर्मा, नितिन शर्मा, मधु अवस्थी, मोहिनी मिश्रा, बबली वाजपेई, प्रेमा त्रिपाठी, संतोष शर्मा, रवीन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

### फादर्स डे पर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को सम्मानित किया




**बरेली, अमृत विचार :** फादर्स डे पर मानव सेवा क्लब की ओर से रविवार को काशी वृद्धाश्रम में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें बुजुर्गों को अंग वस्त्र और हार पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। पदाधिकारी और सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उनको उनकी मनपसंद की चीजें खिलाईं। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने बताया कि वह वर्ष में हर महत्वपूर्ण दिवस और त्योहार वृद्धाश्रम में मनाकर बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटने का प्रयास करते हैं। शशि बाला वर्मा, मधु वर्मा, राजीव सक्सेना, विपिन कुमार गर्ग, अनिल सक्सेना, अविनाश सक्सेना, सुधीर मोहन, मीरा मोहन, सरोज गर्ग, सुनील कुमार शर्मा, जितेन्द्र सक्सेना, वेद प्रकाश सक्सेना, किरन सक्सेना, गंगा राम पाल आदि मौजूद रहे।

### राजा सेवा समिति का वार्षिक समारोह 29 अगस्त से



**बरेली, अमृत विचार :** राजा सेवा समिति के पदाधिकारियों की बैठक इंद्रदेव त्रिवेदी के आवास बिहारीपुर खत्रियान पर रविवार को हुई। सचिव मुनीश पांडे ने बताया कि वार्षिक समारोह का आरंभ 29 अगस्त से होगा जो कि 4 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान गणेश उत्सव के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष विकास मेहरोत्रा ने बताया कि इस वर्ष कुटुंब गणना पदाधिकारियों की ओर से की जाएगी, ताकि वैवाहिक परिचय सम्मेलन भी इस वर्ष कराया जा सके। इसके लिए एक उपसमिति भी बनाई गई है ,जिसके अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी होंगे। वैवाहिक परिचय सम्मेलन के लिए लोगों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। रिश्ते तय हो जाने पर विवाह रामनवमी के शुभ मुहूर्त में किए जाएंगे। इससे पहले कार्यक्रम का आरंभ संतोष कपूर ने देशभक्ति गीत से किया। सुनील रस्तोगी, लवलीन कपूर, विवेक शर्मा, संतोष कपूर, जितेंद्र मिश्रा, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि




**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में रविवार को डीडीपुरम स्थित शहीद चौक पर पदाधिकारियों ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा कि इस दुर्घटना की गहनता से जांच होनी चाहिए। अविनाश सक्सेना, सुधीर मोहन, राजेश सक्सेना, विधान रॉय, श्यामदीप सक्सेना, सुनील कुमार सक्सेना, मीरा मोहन, अतुल कुमार सक्सेना, अमित आनंद, मनोहर लाल जौहरी, संजीव कुमार सक्सेना, रजनी सक्सेना, मंजू लता सक्सेना, प्रीति सक्सेना, आलोक सक्सेना आदि ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

## वृद्धजनों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार करना अपराध है



कार्यक्रम में वृद्धजनों को जागरूक करते वक्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग के अधीन बदायूं रोड स्थित वृद्धाश्रम में रविवार को विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकार मित्र सुधीर उपाध्याय, तरुण कुमार और भुवनेश यादव ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया। मुख्य वक्ता अधिकार मित्र सुधीर उपाध्याय ने बताया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व भर में हो रहे वृद्धजनों के साथ दुर्व्यवहार के प्रति जागरूकता फैलाना और उनके अधिकारों की जानकारी देना है। वृद्धजनों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना हम सभी का कर्तव्य है। संविधान के अनुसार वृद्ध जनों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार करना अपराध है। हमारे बुजुर्ग हमारी सामाजिक धरोहर हैं। उनके अनुभवों, ज्ञान और सहनशीलता से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। जिन्होंने अपना पूरा जीवन अपने बच्चों के पालन - पोषण और शिक्षा के प्रति न्योछावर कर दिया। बुढ़ापे में यदि वे ही बच्चे माता - पिता को वृद्धाश्रम में छोड़ कर जाएं और फिर उनसे संपर्क भी नहीं रखें तो इससे अधिक शर्म की बात कोई और हो नहीं सकती।

कार्यक्रम अध्यक्ष एमएस यादव, वृद्धाश्रम में निवास कर रहे 87 वर्षीय करुणेश शंकर पाण्डेय, शील कुमार भटनागर एडवोकेट, प्रबंधक कांता गंगवार, रचना चौहान, रुचि, मनोज कुमार ने भी विचार रखे। प्रबंधक ने संचालन किया।

### मुर्हरम में नई परंपरा न डालें, होगी कार्रवाई

**रिठौरा, अमृत विचार :** त्योहारों में नई परंपरा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह चेतावनी रविवार को रिठौर पुलिस चौकी पर हुई बैठक में पुलिस अधिकारियों ने दी। चौकी पर रिठौरा, भंडसर, लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर, खाईखेड़ा, गुपलापुर दियोरिया जागीर मुल्लापुर, आसपुर रिछोला आदि गांवों के ताजियेदारों के साथ सीओ नवाबगंज गौरव सिंह , थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता ने बैठक करते हुए ताजियेदारों से कहा कि यदि किसी ने खुराफात कर माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजा जाएगा। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि अमित कुमार गुप्ता, रमेश वर्मा, राकेश कुमार, पप्पू कश्यप, जागन लाल, रिजवान, चांद मोहम्मद, मुस्तफा, कय्यूम, मजहर अली,अनीस,अकील अहमद,वहीद खां,बुंदन,अकबर शाह, मयंक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## रागी जत्थों ने कीर्तन कर संगत को किया निहाल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **गुरुद्वारा इज्जतनगर में गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया**
- **गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया था**

**अमृत विचार :** श्री गुरु हरगोबिंद साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर रविवार को गुरुद्वारा इज्जतनगर में रागी जत्थों ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल कर दिया।

प्रकाश पर्व की शुरुआत अमृत वेले' में गुरबाणी पाठ और शबद-कीर्तन से हुई। रागी जत्थों ने जब "दुख लगे ना भाई जी, जिन्होंने वाहेगुरु वाहेगुरु जपिया" जैसे भावपूर्ण शबद गाए। संगत ने वाहेगुरु का नाम जपते हुए सच्चे मन से अरदास की। कीर्तन उपरांत आसा दी वार का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली। गुरुद्वारा समिति के प्रमुख सेवक भाई ने संगत को गुरु हरगोबिंद साहिब जी के जीवन, उनके बलिदान और धार्मिक योगदान के बारे में बताया। कीर्तन के बाद श्रद्धालुओं ने लंगर छका।

गुरुद्वारा परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया था। सेवा में जुटे स्वयंसेवकों ने व्यवस्था को बेहतरीन बनाए रखा। पूरे आयोजन में श्रद्धा, सेवा और समानता की भावना झलकती रही।

गुरुद्वारा प्रबंध समिति ने संगत से अपील की कि वह गुरु साहिब के सिद्धांतों नाम जपना, कीर्तन करना और वंड छकना को अपने जीवन में अपनाए। इस दौरान राजेंद्र सिंह, गुरुजीत सिंह, भूपेंद्र सिंह, दिलदार सिंह, बलजिंदर कौर आदि मौजूद रहे।


इज्जतनगर गुरुद्वारे में कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

## नीट में छात्रों का शानदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नीट में पीलीभीत बाईपास पर एमजेपी रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के सामने स्थित मिशन कोचिंग इंस्टिट्यूट के छात्रों का प्रदर्शन शानदार रहा। छात्रों ने मंडल में अपनी सफलता का परचम लहराया।

इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर वसीम और डॉ. मुक्तदिर ने बताया कि इस वर्ष कोचिंग के फिरदौस खान ने 578, शाहनवाज ने 554, रुपेश ने 554, फौजान खान ने 554, अरबाज मलिक ने 540, आकाश कुमार ने 540, वैभव ने 536, मुदस्सिर ने 531, ईशा ने 526, रिजवा फातिमा ने 525, कलीम अली ने 523, दिगवेन्द्र ने 517, अमित गंगवार ने 515, अनस सिद्दीकी ने 515, आदित्य कुमार ने 514, अमन ने 511, अनामिका पाल ने 510, अबू जैद ने 508, फैजान राजा ने 505, आर्यन ने 503, उजीर ने 502, मोहम्मद अली ने 501 अंक हासिल कर डॉक्टर बनने के अपने ख्वाब को हकीकत में बदलने का काम किया है। जबकि शावेज ने 917, अनमोल सिंह ने 7457, संजीव कुमार ने 12063 और अमन सिंह ने 13695 रैंक हासिल की है। कोचिंग के शिक्षकों ने सफल छात्रों को बधाई दी।


नीट में सफल छात्रों के साथ जश्न मनाते कोचिंग के शिक्षक। ● अमृत विचार

## विंडरमेयर में दूसरे दिन भी हुआ भरतमुनि का मंचन

**बरेली, अमृत विचार :** दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विंडरमेयर थियेटर में दूसरे दिन रविवार को भी भरतमुनि नाटक का मंचन हुआ। नाटक में शायोन सरकार के साथ असम से आए एनएसडी कलाकार जितु राभा हैं। दोनों कलाकार मिलकर नाटक समझने-समझाने का दिलचस्प प्रयोग कर मंच को सही माने में रंगमंच बना देते हैं। बेहद क्रिएटिव कहानी, धड़कनें तेज कर देने वाले एरियल स्टंट्स, गजब की कॉमिक टाइमिंग और चुटीले व्यंग्य से सजा यह नाटक थिएटर के विकास पर बात करता है और दलित चिंतन की शमा भी रोशन करता है। शायोन सरकार के साथ नाटक की स्क्रिप्ट लिखने में अदिति अरोड़ा और सार्थक नरूला का सहयोग रहा। विजुअल डिजाइन सरस कुमार नामदेव और म्यूजिक, साउंड डिजाइन भास्कर ज्योति कंवर और डांस कोरियोग्राफी आस्था ओझा भाटिया ने की। गीत अदिति अरोड़ा और सलीम हुसैन मुल्ला ने लिखे हैं। रंग विनायक रंगमंडल की टीम से दानिश खान, अजय चौहान, अनुष्का, मोहसिन, भूपेंद्र ने भी सहयोग किया।


नाटक का मंचन करते कलाकार।

## यूपीपीसीएल क्लब का मनाया स्थापना दिवस




**बरेली, अमृत विचार :** यूपीपीसीएल क्लब बरेली का चतुर्थ स्थापना दिवस रविवार को रोटरी भवन में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र नारायण कश्यप ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सक्सेना एडवोकेट ने क्लब की ओर से वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। क्लब के सदस्यों के परिवार के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सचिव अनिल सक्सेना ने क्लब के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालन राजेन्द्र घिल्डियाल व केबी यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर पीसी गंगवार, एमसी शुक्ला, कमल कुमार सक्सेना, अशरफी सिंह, अमित गुप्ता, राधेश्याम, एके श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## बस इतनी दरकार, मुझको जग में आने दो मैं देखूंगी संसार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नवोदित कवियों ने काव्यपाठ से बांधा समा, झूम उठे श्रोता**
- **रिद्धिमा में 'साहित्य सरिता' का हुआ आयोजन**



रिद्धिमा में साहित्य सरिता में कविताएं पढ़ते कवि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को हिंदी काव्य संध्या "साहित्य सरिता" का आयोजन हुआ। नवोदित कवियों ने अपने गीतों और मुक्तकों के माध्यम से कविता के सभी रंगों की बरसात की। कवियों ने मंच से प्रेम, देशप्रेम, माता-पिता के त्याग, बेटी, सामाजिक सद्भाव, भ्रष्टाचार को केंद्रित कर कविता पाठ किया। इस दौरान हर कवि को हर पंक्ति पर दर्शकों की वाह-वाह और हर अंतरे पर श्रोताओं की तालियां मिलीं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रयागराज के कवि ज्ञानेंद्र शर्मा प्रयागी ने परिवार में पिता की भूमिका को अपनी कविता में रेखांकित किया। बोले- दुख का मंजर इधर आया, हर समंदर इधर आया। तब पिता ने कहा मैं हूं खड़ा, जब एक खंजर इधर आया। अपनी कविता में मां का जिक्र करते हुए ज्ञानेंद्र ने कहा- तारे पल्लू में सब समेटे हुए मां ने चंदा मुझे पुकारा है। चांदनी का नहीं कोई उबटन, मां ने चेहरा मेरा संवारा है। भोजीपुरा के युवा कवि शक्ति सिंह ने कहा कि चांद तारे तो लाना है मुश्किल बड़ा, मांग का तेरी सिंदूर बन जाऊंगा। बरेली की युवा कवियत्री उन्नति राधा शर्मा ने कविता पाठ में प्रेम को ईश्वर की इबादत बताया। उन्होंने कहा- कि प्रेम मंदिर बसेरा सा हो जाएगा, तू जो कह दे सबेरा सा हो जाएगा।

बदायूं के युवा कवि विवेक मिश्रा ने कहा कि मम्मी पापा दादी से है बस इतनी दरकार, मुझको जग में आने दो मैं देखूंगी संसार। जन्म से पहले माह रहे हो क्या अपराध है मेरा, यदि मैं हूं निर्दोष जो जन्म से क्यूं मुंह फेरा। बदायूं के ही कवि शतवदन शंखधार ने श्रोताओं को देशभक्ति के रस से ओतप्रोत किया। बोले- इस देश भर में हुए जो बलिदानी लोग, वतन की खातिर वो सीना तान कर अड़ गए होंगे। कवियत्री स्नेह सिंह ने कहा कि कोई तो हो जो एक नया धर्म बनाए, जो हिंदू न मुसलमान इंसान बनाए से अपना कविता पाठ समाप्त किया। बरेली के ही कवि विश्वजीत सिंह निर्भय ने सनातन पर अपनी कविता पढ़ी। कवि और लेखक अभिषेक चित्रांश ने बेटे और बेटी को अपनी कविता में प्रस्तुत किया। संचालन डा. अनुज कुमार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति , ऋचा मूर्ति, डॉ. रजनी अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. शैलेश सक्सेना, कवियत्री सोनरूपा विशाल, कवि रोहित राकेश आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

NOTICE
This is to be notify that I, Preetam Babu S/o Dinnu Lal R/o Mohalla No. 2 Bilsi Badaun, Bilasi U.P Have changed my name from Preetam Babu to Pritam Babu for all future purposes

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम मनीष कुमार माहेश्वरी पुत्र राजेश कुमार माहेश्वरी था जिसे बदलकर अब मैंने मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार के नाम से ही जाना व पहनाचा जाये। **मनीष कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी मोहल्ला नं. 5, निकट बालाजी मन्दिर कस्बा तहसील बिल्सी जिला बदायूँ।**

सूचना
मेरी हाईस्कूल वर्ष 2021 जिसका अनुक्रमांक संख्या 210789632 यूपी बोर्ड की मार्कशीट वास्तव में खो गई है। **अरून कुमार कश्यप पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम रोहनियां तहसील बहेड़ी जिला बरेली**

जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट आफ लाइफ साइंसेज एन्ड हायर एजूकेशन
(सम्बद्ध एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय)
कैम्पस : 4 किमी., देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
आवश्यकता है
निम्न विषयों में योग्य, ऊर्जावान स्टाफ की
विज्ञान संकाय : ● रसायन विज्ञान ● वनस्पति विज्ञान ● जन्तु विज्ञान ● फिजिक्स ● मैथ्स
वाणिज्य संकाय :- ● कामर्स
कला संकाय :- ● चित्रकला ● इतिहास ● अंग्रेजी
गृहविज्ञान संकाय :- ● गृहविज्ञान
योग्यता व वेतनमान : यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार (परास्नातक, पी.एच.डी./नेट)
इच्छुक अभ्यर्थी रंगीन फोटो युक्त बायोडाटा व शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिवस की सीमा में दोपहर 12 बजे से 3 बजे के मध्य आवेदन करें अथवा डाक/ई-मेल द्वारा आवेदन करें।
सम्पर्क : 9758108900
ई-मेल : jmbinstitute@gmail.com

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

> ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वार्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देषों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

## प्रसंगवश

# पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरूरत

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

# मुद्दे की बुनियाद

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो ज़ुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए–यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया:"हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंज़ूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क' बन गई थी।

## सोशल फोरम

# तनाव के बीच

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।



हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

> और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

-फेसबुक वॉल से

# भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ऋतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजानिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### दो घरों से नकब लगाकर नकदी-गहने चोरी

भोजीपुरा, अमृत विचार : चोरों ने शनिवार रात एक ही गांव में नकब लगाकर दो घरों से नकदी समेत लाखों रुपये के सोने - चांदी के गहने चोरी कर लिए। गांव रूपपुर निवासी मुश्ताक हुसैन के घर में चोर नकब लगाकर घुस गए। चोरों ने घर कमरे में रखे बक्से का कुंडा तोड़कर सोने-चांदी के गहने और बीस हजार रुपये नकद ले गए। मुश्ताक अली ने बताया चोरी गए गहने और रुपये के उनके बेटे मोहम्मद रिजवान के हैं, वह पुलिस विभाग में आरक्षी के पद पर सीतापुर के थाना पिसावा में तैनात हैं। इसके अलावा इसी गांव के ही मुकर्रम अली के घर में नकब लगाकर चोरों ने गहने और एक लाख रुपये चुरा ले गए। दोनों मकान मालिकों ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों को जल्द से जल्द खुलासा करने की मांग की।

### पुलिस ने पांच आरोपियों को पकड़ा, भेजा जेल

देवरनियां, अमृत विचार : देवरनियां पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर पांच आरोपियों को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि देवरनियां निवासी मो .सलीम को सट्टा पर्ची और 1180 रुपये के साथ गांव मंगतपुर के पास से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा देवरनियां निवासी हरिओम को दो लीटर कच्ची शराब के साथ देवरनियां हाईवे से, देवरनियां निवासी शफीक और प्रमोद को सट्टा पर्ची और 220 रुपये के साथ चठीया सरकारी स्कूल के पास से, जबकि देवरनियां निवासी अफजाल को एक चाकू के साथ शारदा नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

### देवर ने की छेड़खानी सास और जेठ ने पीटा

फरीदपुर, अमृत विचार : एक युवक ने भाभी के घर में घुसकर छेड़खानी की, महिला के शोर मचाने पर उसकी सास और जेठ आ गए, इसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट की। सुबह काम से लौटने के बाद पीड़िता ने पति को सारी जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने बताया उसका पति एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है।13 जून को वह घर पर अकेली थी, रात 11 :00 बजे उसका देवर किसी तरह दरवाजा खोलकर घर में घुस गया और बरामदे में सो रही महिला से अश्लील हरकतें करते हुए उसे कमरे में खींच ले गया। उसके शोर मचाने पर दूसरे घर में रह रहा उसका जेठ और सास पहुंच गई और उसके साथ मारपीट की।

### मांस तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

बहेड़ी, अमृत विचार : पुलिस ने तस्करी की हत्या करने के आरोपी अलीम निवासी शेखूपुर हाल निवासी जनता पब्लिक स्कूल किच्छा उधमसिंह नगर उत्तराखण्ड को तमंचा कारतूस और बाइक सहित गिरफ्तार किया।अलीम पर पशु क्रूरता, गोवध अधिनियम और आर्म्स एक्ट कुल 40 मुकदमे पहले से ही दर्ज है।अब पुलिस ने उसके खिलाफ 41 मुकदमा दर्ज किया।

### पुलिया निर्माण की वजह से निसोई का रास्ता बंद

बिशारतगंज, अमृत विचार : पश्चिम रेलवे क्रॉसिंग से बेहटा बुजुर्ग गांव होते हुए निसोई गांव को जाने वाले मार्ग पर पुलिया निर्माण के कारण भारी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। निसोई गांव के प्रधान ओमकार कश्यप ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की ओर से इस मार्ग पर जर्जर हो चुकी पुलिया तोड़कर उसका पुन: निर्माण कराया जा रहा है। जिस कारण भारी वाहनों का निकल पाना संभव नहीं हो सकेगा।

### बिल नहीं जमा करने पर आठ लोगों पर मुकदमा

हाफिजगंज, अमृत विचार : बिजली विभाग ने रविवार को क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान आठ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया और उन रिपोर्ट दर्ज कराई गई। टीम ने यशराज गुप्ता, हसनैन खान, मो. इमरान, शाहिद हुसैन, मो. नाजिम ,मन्नु , अम्मार हैदर पर बिजली का बिल नहीं जमा करने पर आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई। एसडीओ रिठौरा अरुण कुमार ने बताया अधिकारियों के आदेश पर आगे भी अभियान चलते रहेंगे।

### सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट करने पर रिपोर्ट

नवाबगंज , अमृत विचार : एक युवक ने सोशल मीडिया पर हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्ति जनक पोस्ट किया, जिससे लोगों में आक्रोश है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोपी की पहचान सैदपुर निवासी विवेक के रूप में हुई। उस पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### कब्रिस्तान की भूमि पर लगे पेड़ों की होगी नीलामी

बिशारतगंज, अमृत विचार : आंवला के ग्राम इस्लामाबाद में कब्रिस्तान पर खड़े 45 पेड़ों की नीलामी 18 जून 2025 को सुबह 11 :00 बजे तहसील आंवला सभागार में होनी है। इच्छुक खरीदार निर्धारित शुल्क 7300 रुपये जमा करने के बाद नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं ।यह शुल्क निर्धारित दिन को तहसील सभागार में जमा किया जाएगा। नीलामी स्वीकृत होने के बाद तुरंत ही शेष राशि निर्धारित कोर्स में जमा किए जाने के उपरांत ही पेड़ों के कटान की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी को किसी भी स्तर पर स्थगित करने का अधिकार नीलामी अधिकारी को होगा।

# बस की टक्कर से पुत्री की मौत, पिता घायल

## मनौना से लौटते समय श्रद्धालुओं से भरी बस से हुआ हादसा, चालक वाहन छोड़कर भागा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : मनौना धाम से श्रद्धालुओं को लेकर लौट रही एक टूरिस्ट बस ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार एक किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि किशोरी के पिता गम्भीर घायल हो गए। वहीं चालक बस छोड़कर मौके से भाग निकला।

पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर श्रद्धालुओं को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कराया है। मनौना गांव निवासी निजाम ने बताया रविवार सुबह करीब 11 बजे उसके पिता खुशमुद्दीन उसकी बहन शिफा (15) को दवा दिलाने के लिए बाइक से आंवला जा रहे थे।



इसी बस से हुआ हादसा।



शिफा (फाइल फोटो)। घायल खुशमुद्दीन

इसी दौरान आंवला मनौना रोड के सूरज कोल्ड स्टोर के समीप एक बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी बहन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके पिता गम्भीर घायल हो गए। बस में पलिया से श्रद्धालु मनौना धाम दर्शन करने आए थे। वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। परिजनों ने बताया शिफा ने इसी वर्ष 12वीं पास की थी, वह दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटी थी। पुलिस ने मृतका के भाई की ओर से बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### तेज रफ्तार कार ने वृद्ध को कुचला, मौत


वेदपाल फाइल फोटो

नवाबगंज, अमृत विचार : बीजामऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने शनिवार रात घर के बाहर खड़े वृद्ध को कुचल दिया , जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बेकाबू कार पेड़ से टकराकर पलट गई वरना और हादसा हो सकता था। ग्राम बिथरी निवासी वेद प्रकाश शुक्ला गर्मी की वजह से रात 9 के लगभग घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान बीजामऊ की ओर से तेज गति से आ रही कार कच्चे में आकर उन्हें टक्कर मारकर पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद ग्राम खर्दा निवासी चालक अंकुर भाग गया। जबकि कार में सवार खर्दा निवासी प्रदीप , श्रीकृष्ण व बीसलपुर के खांडेपुर निवासी राजेश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची यूपी 112 को सौंप दिया ।हादसे की रिपोर्ट मृतक वेद प्रकाश शुक्ला की पत्नी रजनी ने दर्ज कराई। इसे बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोप है ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए कार सवारों के फोन करने पर ईको से पहुंचे उनके साथियों ग्रामीणों से मारपीट भी कि, लेकिन पुलिस के पहले ही भाग गए। मृतक वेद प्रकाश को दो बेटे थे, जिनका बीमारी के चलते बचपन में ही मृत्यु हो गई ।अब परिवार में सिर्फ उनकी पत्नी रजनी ही बची हैं।

## चालक को झपकी आने से कार पलटी तीन लोग घायल

भमोरा, अमृत विचार : कछला से लौटते समय चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर से टकराकर रहे पलटी, हादसे में तीन लोग घायल हो गए।

यह हादसा खेड़ा पेट्रोल पंप के पास हुआ। नवादा बदायूं निवासी धीरेंद्र ने बताया वह कछला से अपने ससुर जगदीश,साला अमन के साथ बदायूं आए थे। इसी बीच उन्हें बरेली में रिश्तेदार की मौत की सूचना मिली। इसके बाद वह मां पुष्पा देवी के साथ बरेली जा रहे थे। रास्ते में बरेली बदायूं रोड पर खेड़ा पेट्रोल पम्प के पास ड्राइवर को झपकी आ जाने के कारण कार अनियंत्रित हो डिवाइडर पर चढ़ गई जिससे मां और ससुर के साथ वह भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर तीनों घायलों को अस्पताल भेज दिया।

# केसर मिल ने 173 करोड़ रुपये का नहीं किया भुगतान

संवाददाता, बहेड़ी

- गन्ना किसान हैं परेशान

अमृत विचार: केसर शुगर मिल आर्थिक संकट से गुजर रही है। किसानों का गन्ना मूल्य का करीब 173 करोड़ रुपया अभी मिल पर बकाया है तो वहीं मिल के कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। किसानों का पैसा दिलाने के लिए सरकार ने मिल के खिलाफ आरसी जारी कर दी है, लेकिन किसानों का भुगतान नहीं कर रही है। 2023-24 के पेराई सत्र में 95 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने वाली केसर मिल 2024-25 में 60 लाख क्विंटल का आंकड़ा नहीं छू पाई। नतीजा यह रहा कि मिल सिर्फ 109 दिन चलकर 59 लाख क्विंटल गन्ना पेराई कर पाई, और 13 फरवरी को ही बंद हो गई। मिल पर किसानों का करीब 173 करोड़ रुपया बाक़ी है। गन्ना किसान इस समय भुगतान के लिए परेशान।

### कर्मचारियों को समय से नहीं मिल रहा वेतन

कर्मचारियों को मई माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। अधिकारी वर्ग को तो अप्रैल माह का वेतन भी अभी तक नहीं मिला है। प्रबंधन ने इस समस्या को कुछ हद तक कम करने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को तीन हिस्सों में बांटकर वेतन देने की रणनीति बनाई है, लेकिन वह भी कारगर नहीं हो पा रही। मिल प्रबंधन के सामने आने वाला समय और ज्यादा मुश्किल भरा रहने की उम्मीद है। मिल के पास पैसा आने का फिलहाल कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा, ऐसे में मिल के पेराई सत्र शुरू होने से पहले यानि कम से कम अक्टूबर तक कर्मचारियों को वेतन की समस्या से जूझना ही होगा।

## ढाई साल बाद शिकायत की जांच करने पहुंचे सीओ

नवाबगंज, अमृत विचार: ढाई साल पहले बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे रामलीला मैदान के पास जेसीबी से दबंगों द्वारा उजाड़े गए दुकानों (खोखा), होटल, झोपड़ियों का रविवार को सीओ गौरव सिंह ने निरीक्षण किया।

मानवाधिकार कार्यकर्ता नानक चन्द ने अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली को की गई शिकायत में बरेली के साथ ही कस्बे के कुछ दबंगों ने जबरन खोखा, होटल और झोपड़ियों को जेसीबी से उजाड़ने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की थी। शिकायत किए जाने के बाद रविवार को सीओ गौरव सिंह ने शिकायत कर्ता के साथ स्थल पर जाकर जांच की। गौरतलब है जब नानक चन्द शर्मा ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उनके साथ मारपीट की थी।

# ईंट भट्ठे पर काम कर रहे वृद्ध की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, मीरगंज



- बेटे के साथ भट्ठे पर काम करता था मंगली
- बिजली गिरने से मौत की शंका जताई

अमृत विचार: ईंट भट्ठे पर काम कर रहे वृद्ध मजदूर की रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आनन फानन में भट्ठे के लोग उसे सीएचसी ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।कुछ लोगों का कहना मंगली कश्यप (52) की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हुई है। वहीं कुछ हार्ट अटैक से बता रहे है।

गांव सिधौली गोटिया निवासी मंगली कश्यप एवं उनका बेटा गांव के पास ही ईंट भट्टे पर ईंट उतराई और भराई के अलावा मिट्टी में पानी देने का काम करता था। रोज की तरह रविवार सुबह करीब 7 बजे वह भट्ठे पर मिट्टी में पानी दे रहा था, इसी दौरान अचानक उसकी मौत हो गई। कुछ लोग इसे आकाशीय बिजली गिरने से मौत होने को कह रहे हैं। भट्ठा पर काम कर रहे लोगों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर परिजन पहुंच गए। तब तक भट्ठा के लोग उसे सीएचसी ले गए, डॉक्टर वैभव राठौर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया, इसके बाद परिजन उसे घर ले गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, जो भी रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मंगली को तीन लड़की और एक लड़का है।

## पति पर दर्ज कराई प्रताड़ना की रिपोर्ट

फरीदपुर, अमृत विचार: युवक ने खुद को फौजी बताकर एक युवती से शादी की। शादी के बाद जब वह ड्यूटी पर नहीं गया तो महिला ने पता किया तो मालूम हुआ उसने उससे झूठ बोला। विरोध करने पर उसे प्रताड़ित करने लगा। सात माह की गर्भवती होने के बाद भी उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने उस पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

इज्जतनगर निवासी नीतू ने बताया उसकी शादी 15 फरवरी 2023 को फरीदपुर के अरविंद यादव से हुई थी। शादी के समय उसने आर्मी का जवान बताया उसका झूठ पकड़े जाने के बाद वह उसके साथ मारपीट करने लगा। पीड़िता ने बताया कि भाजपा नेता प्रदीप यादव ने समझौते का दबाव बनाते हुए धमकी दी। इसी दौरान मकान मालकिन के पहुंचने पर सभी आरोपी फरार हो गए।

# बिजली का पोल गिरने से सप्लाई ठप

संवाददाता, भदपुरा

अमृत विचार: नौगमा भगवंतपुर गांव में रविवार को आंधी से बारिश से खंभा गिर गया, जिससे बिहारीपुर पीतमराम, मलूकपुर, जरपा मोहनपुर को बिजली की सप्लाई बंद हो गई।

यह तो गनीमत रही कि उस समय हादसे के दौरान वहां कोई नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि उस समय बिजली सप्लाई चालू थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को देकर सप्लाई बंद कराई। वहीं आंधी- बारिश से क्षेत्र में जगह -जगह पेड़ गिरने से हरैया उपकेंद्र की बिजली सप्लाई पूरे दिन ठप रही। जेई सुनील कुमार ने बताया कि हाफिजगंज से आने वाली बड़ी लाइन में आए एक फॉल्ट को ठीक कर दिया गया है। टीम जल्द ही क्षेत्र की बिजली सप्लाई बहाल की जाएगी।


आंधी बारिश से पंचायत भवन पर टूटकर गिरा बिजली का पोल। ● अमृत विचार

### आंधी-बारिश से पेड़ गिरे, रास्ता हुआ बंद

मीरगंज , अमृत विचार : आंधी बारिश के बाद कई जगह गलियों में जलभराव हो गया तो कई जगह पेड़ गिरने से रास्ता बंद हो गए, इससे लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ा। रविवार सुबह 7 :30 बजे दियोरिया से मीरगंज जाने वाली सड़क पर दियोरिया मोड़ के पास पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे बराबर में गुजर रही विद्युत लाइन का तार भी टूट गया। गनीमत रही पास से कोई राहगीर नहीं गुजरा नहीं तो बड़ा हादसा हो जाता। रास्ता बंद होने से लोगों को काफी देर तक परेशान होना पड़ा। इस सड़क से करीब आधा दर्जन से अधिक गांव के लोग आवागमन करते हैं ।आसपास के गांव के लोगों ने पेड़ को हटाया तो रास्ता बहाल हो सका।

## श्मशान भूमि को गंदा करने से रोष

रिठौरा, अमृत विचार: श्मशान भूमि के चारों ओर खोखे रखकर अतिक्रमण और परिसर को गंदा (अपवित्र) करने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने एकत्र होकर आक्रोश जताया। बता दें श्मशान भूमि लघु शंका करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसे संज्ञान में लेते हुए हिन्दू जागरण मंच ने विरोध जताया है। बरेली ब्रज प्रांत के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार फौजी के निर्देश पर रविवार को कस्बे के भोजीपुरा मार्ग स्थित झलरापीपल मंदिर सभागार में मोक्षधाम में लघुशंका करने वालों पर कार्रवाई की मांग को बैठक में चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता महंत तुलसीदास महाराज ने की, इस दौरान रिठौरा में हो रहे अतिक्रमण एवं धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने से रोकने के लिए रणनीति बनाई गई।

# सियार के हमले से चार ग्रामीण हुए घायल


सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम जानकारी लेती हुई। ● अमृत विचार

संवाददाता, भुता

अमृत विचार : जहर से मरी मछलियां खाने गांव के किनारे आए सियार ने चार लोगों पर हमला बोलकर घायल कर दिया, घायलों ने सीएचसी पहुंचकर इलाज कराया। वहीं सूचना पर वन विभाग की टीम ने रविवार को पहुंचकर सियार की तलाश में कांबिंग की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

गांव खाई खेड़ा, नत्थू रामपुरा और सहुआ की सीमा पर बने ग्राम समाज के तालाब में एक व्यक्ति मछली पालन का कार्य करता है। तालाब में जल कुंभी होने के कारण उसमें दवा डाल दी गई। जिस कारण सारी मछलियां मर गई। मरी हुई मछलियों को तालाब से निकाल कर बाहर डाल दिया गया। जिसको खाकर सियार पागल हो गए। शनिवार शाम को अजय यादव, बुद्ध सेन, बृजेश, प्रेमपाल तालाब के किनारे बैठे थे तभी वहां सियार आ गया। जिसे जब भगाने का प्रयास किया तो उसने चारों लोगों पर हमला करके घायल कर दिया। शोर सुनकर लाठी- डंडे लेकर पहुंचे अन्य ग्रामीणों ने सियार को भगाया, इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना हिंदू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष अजय पटेल और वन विभाग को दी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वन विभाग की टीम में ओमवीर सिंह, श्याम सिंह, दीपक वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### बारिश में सड़क पर फैली कीचड़

भोजीपुरा, अमृत विचार : मझौआ गंगापुर रोड पर बारिश होते ही कीचड़ फैल गई, सड़क के गड्ढों में पानी भरने से चलना मुश्किल हो गया। इस सड़क से डहिया, खानपुर, मुरारपुर अभयराजपुर, सागलपुर, मझौआ गंगापुर, खानपुर समेत दर्जनों गांव के लोग प्रतिदिन इस रोड से गुजरते हैं। इसके अलावा इन गांव की छात्र-छात्राएं भी इसी रोड से कॉलेज आते जाते हैं दोपहिया वाहन चालक गिरकर कर घायल हो जाते हैं।



## घूमने निकला किशोर लापता

कैंट, अमृत विचार : घर से दोस्त के साथ घूमने निकला किशोर लापता हो गया, खोजबीन में पता नहीं चलने पर पीड़िता ने पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई।

गांव बुखारा निवासी कमरुद्दीन ने बताया उनका 15 वर्षीय बेटा फरमान गांव के ही अमन के साथ शनिवार सुबह 9 बजे घर से घूमने निकला था। दोपहर दो बजे जब वह घर आए तो पता चला कि बेटा घर पर नहीं है। उन्होंने समझा कि बुखारा मोड़ की तरफ निकल गया होगा। शाम तक घर नहीं लौटा तो तलाश शुरू की। इस दौरान गांव के ही यूसुफ से पता चला सुबह करीब 10 बजे उसने दोनों को रामगंगा स्टेशन पर घूमते देखा था। जानकारी मिली, लेकिन वह नहीं मिला।

# अफीम उत्पादक किसान को पुलिस ने दौड़ाया

भमोरा, अमृत विचार: पुलिस ने शनिवार को लाइसेंसी अफीम किसान को डोडा चूरा ले जाने के शक में दौड़ाया, जबकि वह भूसा लेकर जा रहे थे। इस वजह से उसके यहां डोडा पोस्ता के विनष्टीकरण की कार्रवाई नहीं हुई।

गांव कटका भरत निवासी अफीम उत्पादक किसान बुलाकी राम के डोडा पोस्ता के विनष्टीकरण की कार्रवाई शनिवार को होनी थी। जब वे अपने भाई उत्तम और पड़ोसी लोकी राम के साथ कटका बल्लिया मार्ग से खेतों की ओर जा रहे थे, तभी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक इंद्रपाल सिंह टीम के साथ वहां पहुंचे। तीनों किसान पुलिस को देखकर भागने लगे। चौकी प्रभारी ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ा और छोड़ने के बाद बताया कि उन किसानों के पास डोडा छिलका नहीं बल्कि भूसा था। सीओ आंवला नितिन कुमार ने बताया कटका भरत में बुलाकी राम लाइसेंस धारक अफीम उत्पादक किसान हैं, जिनके डोडा छिलका का खेत में ले जाकर विनष्टीकरण किया जाना है। वहीं आबकारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया शनिवार को कटका भरत में विनष्टीकरण की कार्रवाई नहीं हो पाई, क्योंकि चौकी प्रभारी के हस्तक्षेप से किसान डर गए और खेत पर नहीं पहुंचे। इस मामले में स्थानीय पुलिस का कोई रोल नहीं था, जिसकी शिकायत सीओ आंवला से की गई है।

## सार-संक्षेप

### सरकार की योजनाएं जनता तक पहुंचाएं



बहेड़ी, अमृत विचार : प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को बहेड़ी ब्लॉक सभागार में आयोजित "नगर मंडल की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी बहोरन लाल मौर्य एवं जिला उपाध्यक्ष सम्राट सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वाति कुमार और ब्लॉक प्रमुख शेरगढ़ भूपेंद्र कुर्मी ने सहभागिता की। एमएलसी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से सरकार की जनहित कारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की। इस अवसर पर सुनील रस्तोगी, अरुण गंगवार, सचिन अग्रवाल, गौरव मित्तल, अजय जायसवाल, जयेंद्र गंगवार, मोहन सिंह, लाल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### सभी के विकास के लिए काम कर रही मोदी सरकार



अलीगंज, अमृत विचर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में "विकसित भारत का अमृतकाल : सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण" थीम पर रविवार को अलीगंज क्षेत्र सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में विचार गोष्ठी हुई। बतौर मुख्य अतिथि मझगंवा ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने बताया 11 साल में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है, चाहे वह जनधन योजना हो, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना या डिजिटल इंडिया, सभी योजनाओं ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ा है। मंडल अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि यह 11 वर्ष केवल शासन के नहीं, सेवा और समर्पण के हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस "विकसित भारत" अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वतमान मंडल अध्यक्ष विपिन सिंह ने की। इस अवसर पर राकेश मोहन त्यागी, जयपाल वर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता,विनीत भारती, विक्की गुप्ता, लकी गुप्त समेत अन्य मौजूद रहे।

### पीडीए पंचायत में सपा सरकार के कार्यों को बताया



क्योलड़िया, अमृत विचार : सपा की ओर से क्योलड़िया के एक बरात घर में पीडीए की पंचायत हुई। नेताओं ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया। पंचायत में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया, जहां सामाजिक न्याय, महंगाई, बेरोजगारी और संविधान की रक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। पंचायत की अध्यक्षता पूर्व मंत्री भगवत शरण गंगवार ने की और संचालन विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार ने किया। पूर्व मंत्री ने कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों को बताया, इसके साथ ही कहा जब सपा की सरकार थी तो क्षेत्र में 17 इंटर कॉलेज के साथ ही सड़के पुलिया, पुल, अस्पताल और क्योलड़िया का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाया। सपा जिला उपाध्यक्ष रविंद्र यादव ने सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव है इसका सीधा नुकसान गरीब जनता का है। इस मौके पर कदीर अहमद, शिवचरण कश्यप, शारिकखान ,संजीव यादव ,योगेश यादव, प्रदीप मौर्या, अनिल पटेल मोहित भारद्वाज, शेर सिंह गंगवार, नरोत्तम दास, तेज प्रकाश समेत अन्य मौजूद रहे।

### मोदी के प्रयास से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बना




फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में आयोजित भाजपा की बैठक में विधायक डीसी वर्मा ने 11 साल में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और भाजपा नेता सतेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से जो कार्य 11 साल में हो गए पिछली सरकार 70 साल में नहीं कर पाए। कहा मोदी के अथक प्रयास से भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस दौरान संजय सिंह चौहान,कैलाश शर्मा,कृष्णपाल मौर्य,पूर्व जिलापंचायत मंजू कोरी, ओमेंद्र चौहान,उमेश साहू,अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### हजरत मोती मियां हुजूर के उर्स में कुल की रस्म अदा



मीरगंज, अमृत विचार : हजरत मोती मियां हुजूर रहमतुल्लाह अलैहि का सालाना उर्स का शनिवार को 2 :00 बजे आखिरी कुल शरीफ हुआ। हजरत तस्लीम मियां की सरपरस्ती में यह उर्स- ए- पाक हर साल मनाया जाता है। इसमें हिंदुस्तान के मुख्तलिफ इलाके के लोगों ने शिरकत की। माशाईख उलमा ए इकराम ने शिरकत भी की। मौलाना फरहान मियां मिस्बाही ने मोती मियां हुजूर की जिंदगी पर रोशनी डाली। मुफ्ती जावेद अख्तर, मुफ्ती नदीम फारुकी ने औलिया की शान को बयां किया। शहर मुफ्ती मुनाजिर हुसैन ने खिदमते दीन और औलिया की शान को बयां किया। आखिरी दुआ सज्जादा नशी हजरत तस्लीम मियां ने फरमाई ।इस मौके पर खानकाह की मस्जिद के इमाम कारी मोहम्मद शरीफ, ताहिर मियां, नासिर मियां, निशात मियां, दिलशाद मियां, इज़हार फरीदी, आरिफ नोमानी आदि मौजूद रहे।

### अमित को मिला विद्या वाचस्पति सम्मान



मीरगंज, अमृत विचार : बेसिक एजुकेशन मूवमेंट ऑफ इंडिया, भारतीय शिक्षा मंडल गोरक्ष प्रांत एवं मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय पर्यावरण संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह हुई। इस कार्यक्रम में मीरगंज के शिक्षक अमित कुमार को काशी हिंदी विद्यापीठ के विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बरेली की सारिका सक्सेना, भारत भूषण सक्सेना, डॉ. अल्पना गुप्ता, निधि सक्सेना, दुर्गा प्रसाद, रश्मि तोमर, रुचि पाण्डेय, सायमा शमीम, संगीता चौरसिया को पर्यावरण रक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

### छापेमारी में चार लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

आंवला, अमृत विचार : बिजली विभाग की ओर से रविवार सुबह चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें आठ उपभोक्ताओं के भार में वृद्धि की गई, छह उपभोक्ताओं के मीटर परिसर के बाहर लगवाए गए। और चार लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। सुबह- सुबह बिजली विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इस दौरान एसडीओ आंवला कामेश कुमार, जेई मनोज कुमार यादव, टीजीटू ममकई, कृष्णपाल वर्मा, नितेश गौतम, रजत, अंशू, प्रदीप, विनय, आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धा एवं हर्ष के साथ मनाया गया कैंची धाम का 61 वां स्थापना दिवस, शनिवार की रात 1 बजे से ही दर्शनों के लिए लगने लगी कतारें

# कैंची धाम में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई हाजिरी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** विश्व प्रसिद्ध बाबा नीब करौरी महाराज के धाम का 61वां स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान करीब दो लाख से अधिक भक्तों ने बाबा के दर्शन कर मालपुए का प्रसाद ग्रहण किया। स्थापना दिवस समारोह में देश के कोने-कोने जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बिहार, मुंबई समेत अन्य राज्यों से पहुंचे भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज के मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया।

ब्रह्म मुहूर्त में बाबा नीब करौरी महाराज की आरती के बाद मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शन के लिए खोल दिए गए। जिसके बाद से मंदिर बाबा के जयकारों से गूंज उठा चारों तरफ बाबा नीब करौरी महाराज के जयकारे सुनाई दिए। बाबा नीब करौरी महाराज के प्रति भक्तों की आस्था इस कदर व्याप्त है कि मंदिर परिसर से करीब 5 किलोमीटर दूर तक दिन भर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही और भक्त बाबा के लंबे इंतजार के बाद बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कैंची धाम पहुंच रहे भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए पुलिस और जिला प्रशासन हर जगह तैनात रहा। वहीं एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा सुबह से शाम तक कैंची धाम के मुख्य गेट में मौजूद रहे और आने जाने वाले लोगों और यातायात व्यवस्था को सुचारू करते नजर आए।


रविवार को कैंचीधाम के 61वें स्थापना दिवस के अवसर पर दर्शन करने के लिए मंदिर से करीब दो किमी तक श्रद्धालुओं की कतार लग गई। भारी बारिश में श्रद्धालुओं का आस्था का ज्वार कम नहीं हुआ। ● अमृत विचार

### सुबह 7 बजे ही भवाली की पार्किंग फुल

कैंची धाम में लगातार बढ़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए स्थापना दिवस के मौके पर पुलिस प्रशासन को मंदिर आने वाले भक्तों की संख्या में इजाफे का अनुमान था। जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भवाली समेत आसपास के क्षेत्रों में चौपहिया वाहनों के लिए 3 कार पार्किंग जबकि दो स्थानों पर दोपहिया वाहनों की पार्किंग का निर्माण किया था जो सुबह 7 बजे ही पूरी तरह से भर गई। बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों का देर रात से ही भवाली में आना शुरू हो गया था। जिसके चलते भवाली मैदान और दो पहिया वाहनों की पार्किंग सुबह 7 बजे तक पैक हो गई थी। जिसके चलते अन्य वाहनों को बाईपास मार्ग और अन्य जगहों में पार्क किया गया।

### धाम के दोनों मार्गों पर भक्तों का तांता

भक्तों की सुबह 4 बजे से लाइनों में लगे रहे और मंदिर के दोनों तरफ के रास्तों में लंबी लंबी कतारें लगी रही। भक्तों की पंक्ति में लगने का क्रम सुबह 4 बजे से देर शाम तक जारी रहा। सुबह पड़ी कड़ाके की धूप और दिन में हुई बारिश भी भक्तों के आस्था को डिगा नहीं पाई और भक्त बाबा के दर्शनों के लिए खड़े रहे।

### चप्पे-चप्पे पर रही खाकी की निगरानी

मंदिर प्रबंधन समेत पुलिस प्रशासन को भी इस बार कैंची धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने का अंदेशा था जिसको देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद था और कैंची धाम में दो अपर पुलिस अधीक्षक, छह सीओ, दस इंस्पेक्टर, तीन कंपनी पीएसी समेत तीन सौ पुलिस के जवान मुस्तैद रहे।

## बाराबंकी में 864 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी,अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना पुलिस ने शनिवार रात एक सक्रिय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 864 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपये बताई जा रही। तस्कर के पास से एक बाइक भी बरामद की गई है।

यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान साद निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर के रूप में हुई है। उसे दारापुर मोड़, लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर 14 जून की रात करीब 10:50 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में साद ने बताया कि वह स्मैक तुफैल पुत्र बहरे निवासी ग्राम टिकरा उस्मा से लेकर आया था और किसी व्यक्ति को बेचने जा रहा था। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह और तुफैल इस व्यापार में लंबे समय से हैं।

# मथुरा में टीला धंसने से 6 मकान ढहे, 3 की मौत

## कई लोग मलबे में दबे, डीएम मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह ने की बचाव कार्य की निगरानी

मथुरा,एजेंसी

जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क इलाके में रविवार को टीला धंसने से उसपर बनी एक बहुमंजिला इमारत सहित 6 मकान ढह गए जिसमें दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक मलबे में से निकाले गए तीन लोगों- तोताराम (38) तथा दो बहनें यशोदा (छह) व काव्या (तीन) को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया जा चुका है। कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका से बचाव कार्य देर रात तक जारी रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि यह हादसा रविवार दोपहर गोविंद नगर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब कोई व्यक्ति कच्ची सड़क इलाके में टीले के सहारे बने एक निजी बहुमंजिला मकान को जेसीबी से समतल करा रहा था और उसी समय अन्य मकानों के नीचे की मिट्टी भी धंसने से टीले का एक बड़ा हिस्सा ढह गया, जिसमें करीब आधा दर्जन मकानों में रह रहे लोग मलबे में दब गए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन की टीमों के साथ पुलिस, दमकल कर्मी व नगर निगम के कर्मचारी आदि बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।


बहुमंजिला इमारत के मलबे को साफ करने में लगी चार जेसीबी।

मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह मौके पर बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। इसके पहले जिलाधिकारी (डीएम) सिंह ने बताया था कि यह घटना तब हुई जब पुराने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में एक टीले पर बना मकान अचानक ढह गया। अनुमान है कि इमारत ढहने की वजह से आसपास के पांच से छह घरों को भी आंशिक नुकसान पहुंचा है। एसएसपी श्लोक कुमार ने पुष्टि की थी कि मलबे से एक व्यक्ति को निकाल लिया गया है और उसे अस्पताल ले जाया गया है।

एसएसपी ने बताया कि निकाले गए व्यक्ति को फिलहाल निगरानी में रखा गया है और उसकी हालत स्थिर है। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन सेवा, नगर निगम, नागरिक सुरक्षा और पुलिस की टीमें फिलहाल मौके पर हैं। इसके अलावा, बचाव कार्य में मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमों को भी बुलाया गया है।

रविवार को भी सुबह से ही मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। हाइड्रा की मदद से मिट्टी काटकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर भेजी जा रही थी। तभी दोपहर 12 बजे के करीब टीले के मिट्टी ढहना शुरू हुई और ऊपर बने छह मकान भरभराकर ढह गए। इससे मकान में रहने वाले लोगों के साथ ही नीचे काम कर रहे मजदूर भी दब गए। मिट्टी भरकर ले जा रहा ट्रैक्टर भी मलबे में दब गया। टीला इस तरह खिसका कि मकानों का मलबा 60 से 70 फुट दूर तक फैल गया। कहीं मलबे में गेट नजर आ रहा था तो कहीं खिड़की। किसी का बक्सा पड़ा था तो किसी का फ्रिज। प्रत्यक्षदर्शी लेखपाल संजय रोहिला ने बताया कि घटनास्थल के पास ही उनका घर है। वह अपनी कार गैराज से निकालने के लिए बाइक से आए थे। साथ में पत्नी और बेटा भी थे। तभी अचानक से टीला गिरता हुआ नजर आया। संजय ने बताया कि वह बाइक को वहीं छोड़कर परिवार के साथ भागे। संजय ने बताया कि उन्होंने आंखों से टीला गिरते हुए देखा।

इस दौरान दो बच्चे ऊपर से मलबे के साथ नीचे गिरे। साथ ही मौके पर काम कर रहे कई मजदूर मलबे में दब गए। इस दौरान मलबे की चपेट में आकर संजय के भी कुछ चोट आईं हैं। घटना पर जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम भी बुलाई थी। दोपहर साढ़े तीन बजे करीब इटावा से पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू किया। वहीं साढ़े चार बजे के करीब एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। दोनों टीमों ने बचाव कार्य तेज कर दिया है।

### सौ के करीब मकान बने हुए माया टीले पर

सिद्धबाबा मंदिर के पास स्थित माया टीले पर सौ के करीब मकान बने हुए हैं। माया टीला के साथ ही आसपास अंबरीश टीला, चिड़ीमार टीला भी हैं। ये सभी टीले एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। माया टीला की नींव से मिट्टी की खुदाई कर दीवार बनाने का काम किया जा रहा था।

## अब फ्रूट वाइन भी बनेगी मलिहाबाद की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विविध किस्म के आम उत्पादन के लिए दुनियाभर में मशहूर मलिहाबाद क्षेत्र फ्रूट वाइन (फलों की शराब) के लिए भी खास पहचान बनाने जा रहा है। रविवार को आबकारी मंत्री और मुख्य सचिव ने मलिहाबाद क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की पहली वायनरी एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी की शुरुआत की। इस वायनरी में फलों से जो शराब निर्मित होगी, उसे आबकारी विभाग पांच वर्ष तक देगा एक्साइज ड्यूटी में पूरी छूट देगा।

इस मौके पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वायनरी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में फल उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के विकास की दिशा में एक अभिनव प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल किसानों की आय को दोगुना करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। मुख्य सचिव ने वायनरी के प्रशासनिक विंग का भी उद्घाटन किया।

# बदायूं में एमकॉम के छात्र की गोली मारकर हत्या

- डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास मार्निंग वॉक पर हुई वारदात
- पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मार्निंग वॉक पर निकले एमकॉम के छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी फरार हो गया। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जिला अस्पताल में हंगामा किया। काफी देर तक परिजनों को समझाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल (22) एमकॉम कर रहे थे। वह शहर के मोहल्ला शिवपुरम में रहते थे। उनके भाई हिमांशु पटेल ने बताया कि कर्तव्य पटेल रविवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे अपने साथी उत्कर्ष मिश्रा, काका यादव और अजय पटेल उर्फ बाबा के साथ मार्निंग वॉक के लिए निकले थे। इस दौरान बाइक सवार शौर्य ठाकुर आया और डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास तीन राउंड फायर किए। कर्तव्य पटेल की पीठ में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गया, जबकि बाकी दोनों साथी बच गए। हमलावर के भागने के बाद दोनों साथियों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन कर्तव्य को बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव दोबारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और हंगामा करने लगे। कहा कि वह आरोपी के गिरफ्तार होने से पहले पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। काफी देर तक सदर कोतवाल के समझाने पर परिजन माने और शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी है।


कर्तव्य पटेल।

# भेड़िए के हमले में बालिका समेत दो जखमी

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** थाना मझगईं क्षेत्र में बाघ और तेंदुए के बाद अब भेड़िए का आतंक शुरू हो गया है। रविवार तड़के गांव बेला कलां में भेड़िए ने लघुशंका कर घर आ रही 11 वर्षीय बालिका पर हमला कर दिया और उसे खींचकर ले जाने की कोशिश की, जिससे वह घायल हो गई। वहीं गांव का ही एक अन्य युवक भी भेड़िए के हमले में घायल हुआ है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव बेला कलां निवासी सनातन मौर्य की पत्नी ज्ञान देवी ने बताया कि रविवार तड़के करीब 4 बजे उनकी पुत्री सुकन्या (11) लघुशंका करने घर से बाहर गई थी। वापस आते समय उसने घर में घुसने की कोशिश की। इसी बीच भेड़िए ने सुकन्या पर हमला कर दिया और उसका दाहिना पैर अपने मुंह में दबाकर खींचकर ले जाने की कोशिश करने लगा। सुकन्या के चीखने-चिल्लाने पर परिवार के लोग जाग गए और लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे तो देखा कि भेड़िए उनकी पुत्री को खींचकर ले जाने की कोशिश कर रहा है। यह देख उनके होश उड़ गए।

किसी तरह से लाठियां फटकार कर उन्होंने भेड़िए के चंगुल से बच्ची को छुड़ाया। घटना के बाद तमाम ग्रामीण भी मौके पर आ गए। पूरे गांव में दहशत व्याप्त हो गई। बालिका के के पैर में दो जगह गहरे जख्म हो गए हैं। उधर शनिवार की रात गांव का ही मुन्ना (28) भी भेड़िए का शिकार हो गया। मुन्ना ने बताया कि वह रात करीब 10 बजे लघुशंका के लिए घर से बाहर निकले थे। वह कुछ समझ पाते कि इससे पहले ही पीछे से आए भेड़िए ने हमला बोल दिया और उनका बाया पैर अपने मुंह में दबाकर खींचने की कोशिश की। यह देख उसके होश उड़ गए। मुन्ना ने शोर-शराबा करते हुए किसी तरह खुद को भेड़िए के चंगुल से छुड़ाया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, ग्रामीणों ने भेड़िए के हमले की जानकारी वन विभाग को दी।

सूचना पाकर वन दरोगा मनोज यादव के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। वनाधिकारियों का कहना है कि हमला करने वाला हिंसक जीव भेड़िया है या कोई अन्य वन्यजीव, अभी यह कह पाना मुश्किल है।


घायल सुकन्या।

### अंधेरा होने से पहले ही घरों में दुबक रहे बच्चे

बेला कलां और उसके आसपास के गांवों में भेड़िए का डर इस कदर लोगों के जेहन में बैठ गया है कि लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर निकलने में घबरा रहे हैं। उन्हें आशंका रहती है कि पता नहीं कहां पर भेड़िया उन पर हमला कर दे। सबसे अधिक दहशत छोटे बच्चों में है। शाम ढलते ही बच्चे घरों में दुबक जाते हैं और बाहर नहीं निकलते हैं। अंधेरा होते ही गांव में सन्नाटा पसर जा रहा है।

## बीमारी से तंग आकर युवक ने नहर में लगाई छलांग

**माधोटांडा,अमृत विचारः** बीमारी से तंग आकर एक युवक चुपचाप घर से निकलकर आया और फिर डगा पुल के पास पहुंचकर नहर में छलांग लगा दी। परिवार को छलांग लगाने से पहले उसने कॉल कर इसकी जानकारी भी दे डाली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से तलाश शुरू कराई। नहर का पानी भी बंद करा दिया है। टीमें मोटरबोट की मदद से युवक की तलाश कर रही है। वहीं, युवक के परिवार में चीख पुकार मची रही।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नकटा मुरादाबाद के रहने वाले भाजपा नेता रामदुलारे वर्मा ने बताया कि उनका छोटा भाई 25 वर्षीय ओमप्रकाश लंबे समय से बीमार चल रहा था। काफी समय बाद भी उसकी तबीयत पूरी तरह से ठीक नहीं हो सकी थी, जिसे लेकर वह परेशान रहता था। ओमप्रकाश शनिवार शाम किसी वक्त बाइक लेकर घर से चला गया।

# वन्य जीव गणना की रिपोर्ट माह अंत तक होगी जारी

- बारहसिंघा, काला हिरन, चिंकारा गैण्डा, घड़ियाल के साथ भालू की भी हुई गणना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्र में वार्षिक वन्य जीव गणना पूरी हो गई है। वार्षिक वन्य जीव गणना का परिणाम इस माह के ही अंत तक जारी किया जाएगा। ये वन्य जीव गणना 26 मई से शुरू होकर 14 जून को सम्पन्न हुई है।

इस वर्ष वन्य जीव गणना में विशेष रूप से बारहसिंघा, काला हिरन, चिंकारा, गैण्डा, घड़ियाल के साथ भालू और तेंदुए की भी गणना की जा रही है। इसके साथ ही अन्य शाकाहारी जीवों हिरन, सांभर, चीतल, नीलगाय, पाढ़ा, बंदर और लंगूर की भी गणना कराई गई है। प्रदेश में वन्य जीव गणना का कार्य मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक के निर्देशन में सभी मण्डल के मुख्य संरक्षकों के सुपरविजन में कराया गया है। मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वन्य जीवों की संख्या और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त करना है। जिसके आधार पर आगामी वर्षों में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए व्यापक योजनाओं का निर्माण किया जाता है। वन्य जीव गणना के संबंध में बताते हुए प्रदेश की प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में वन्य जीवों की गणना का कार्य 26 मई 2025 से शुरू हुआ था जो कि 14 जून 2025 को संपन्न हुआ है। इस गणना का परिणाम इस माह के ही अंत तक जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी मण्डलों के मुख्य वन संरक्षकों के पास से उनके जोनों की गणना रिपोर्ट संकलित की जा चुकी है। विभाग के संबंधित अधिकारी इन रिपोर्टों का वैज्ञानिक विधि से विश्लेषण कर फाइनल रिपोर्ट पेश करेंगे।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ/गाजियाबाद, अमृत विचार :** पांच वर्षों के बाद उप्र. से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा की शुरुआत हुई है। पहली बार उप्र. के कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की सुविधा शुरू की गयी है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से रविवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 39 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया गया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग अधिकारी भी शामिल हैं। पहले दल में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, किंतु कुछ स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

IIFL FINANCE
CIN: L67100MH1995PLC093797
Regd. Office: IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

सोने के गहनों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार-बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **23.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई-नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.07.2025** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला-स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला-स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **बरेली-सिविल लाइंस जीएल - 116-ए, पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, सिविल लाइंस, बरेली-243001**

**शाखा का नाम: बरेली-सिविल लाइंस जीएल, तालुका - बरेली**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL27187882, GL29222234, GL32294211, GL32733831, GL32740920, GL32815045, GL32834514, GL33030484, GL33059759, GL34121918.

ई-नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई-नीलामी के अनुसार ई-नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **16.06.2025**
स्थान: बरेली

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर हादसे की होगी उच्चस्तरीय जांच

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** सोमवार तक चार धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। चार धाम में लगे सभी हेली ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी और सभी हेली ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुनः हेली सेवा को सुचारू किया जाएगा।

राज्य में अब हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली आपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई उच्चस्तरीय बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने सचिव गृह उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए, जिसमें डीजीसीए, यूकाडा, नागरिक उड्डयन विभाग भारत सरकार, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहेंगे।

यह समिति जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक प्रचालन नियमावली का प्रारूप बनाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट सितंबर माह से पूर्व प्रस्तुत करेगी। मुख्यमंत्री ने आगामी समय के लिए प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एडमिनिस्ट्रेटिव एंड टेक्निकल एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबध में उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि, जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### चारधाम में आर्यन एविएशन का परिचालन निलंबित

**देहरादून, अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग में रविवार सुबह आर्यन एविएशन के एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद सरकार ने तत्काल प्रभाव से चार धाम यात्रा के लिए इसके संचालन को निलंबित कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। नागर विमानन मंत्रालय ने कहा कि हेलीकॉप्टर ने रविवार तड़के 5 :10 बजे गुप्तकाशी से उड़ान भरी और 5 :18 बजे श्री केदारनाथ जी हेलीपैड पर उतरा। यह सुबह 5 :19 बजे गुप्तकाशी के लिए फिर से रवाना हुआ और 5 :30 से 05 :45 बजे के बीच गौरीकुंड के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### उत्तराखंड में बनेगी सख्त एसओपी: धामी

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य में हाल में हुईं हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाए, जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की समिति का गठन किया जाए, जो हेली संचालन की सभी तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि राज्य में पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति पूर्व में हुई हेली दुर्घटनाओं के साथ ही रविवार को रुद्रप्रयाग के हेली क्रैश की भी हर पहलू की गहनता से जांच कर अपनी रिपोर्ट देगी। यह समिति प्रत्येक घटना के कारणों की गहराई से जांच करेगी और दोषी व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की संस्तुति करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।



## एक नजर

### नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। कक्षा 6 से 8 तक के दो हजार बच्चों को निशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका मिलेगा। अगले वर्ष से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। गरीब मेधावी बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने तहत इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नये सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलीभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे राम ने बताया कि अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अभी तक 58 जिलों में 100 स्कूल संचालित थे। अब 62 जिलों में 109 विद्यालय संचालित होंगे।

### निजीकरण के विरोध में आज होगा मौन प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 16 जून को राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, मनमाने स्थानांतरण के विरोध में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 13 जून को आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के बीच सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के साथ गुपचुप लंबी बैठक की गई। इस बैठक में सलाहकार कंपनी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट आयोग के सामने प्रस्तुत किए। समिति ने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉरपोरेशन के पक्ष में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने इस पर एतराज व्यक्त करते हुए कहा कि निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है। यह जानकारी विद्युत नियामक आयोग को थी, इसके बाद भी उन्होंने इस सलाहकार कंपनी को प्रस्तुतीकरण करने दिया।

# नक्सलवाद पर जीरो टॉलरेंस : शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का गृह मंत्री ने किया एलान
- यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का किया आह्वान



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते गृह मंत्री।

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें अमृत काल में सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस सख्त नीति है। 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा।

रविवार को 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारी सहित सभी 75 जनपदों के यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे 60,244 नवनियुक्त आरक्षी मौजूद रहे।

# पैसे और सिफारिश से अब नहीं मिलती नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं : योगी
- 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है।

योगी ने रविवार को 60,244 नव-नियुक्त पुलिसकर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि यह देश के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल में अब तक का सबसे बड़ा नियुक्ति कार्यक्रम है।

यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं हैं। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं।

यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है।

# 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के तबादले

## परिवहन विभाग में फेरबदल, प्रणव झा बने बरेली के नए आरटीओ (प्रवर्तन)

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में परिवहन विभाग में 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के स्थानांतरण किए गए हैं। झांसी में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन) होंगे। जबकि लखनऊ में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज को अब मुरादाबाद का आरटीओ (प्रवर्तन) बनाया गया है।

फेरबदल के इसी क्रम में, परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात आरटीओ अनीता सिंह को मेरठ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ में तैनात आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी को प्रयागराज का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। राजेश कुमार वर्मा को मिर्जापुर से हटकर झांसी का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बस्ती में तैनात आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ला को मिर्जापुर का आरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, बरेली में तैनात आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार को मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण का प्रभार सौंपा गया है। मुरादाबाद में तैनात आरटीओ प्रणव झा अब बरेली के आरटीओ प्रवर्तन होंगे। हाल में प्रमोट हुए संभागीय परिवहन अधिकारी, संप्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ नगर, सुरेश कुमार मौर्य को बस्ती का संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बनाया गया है।

प्रयागराज में आरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात राजेश कुमार मौर्य अब गोंडा के नए आरटीओ प्रशासन होंगे। गोंडा में तैनात आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को (नगर परिवहन/ नियोजन/जल परिवहन), मुख्यालय और अतिरिक्त प्रभार उपनिदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना (परिवहन) बनाया गया है।

### राजीव बंसल बने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल

**अमृत विचार :** तबादलों के इस क्रम में प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अलका शुक्ला को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ परिक्षेत्र में तैनात एआरटीओ टेक्निकल अमिताभ चतुर्वेदी को संभल का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्त को सुल्तानपुर एआरटीओ का जिम्मा दिया गया है।

लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल राजीव कुमार बंसल बने हैं जो पहले बुलंदशहर में तैनात थे। सुल्तानपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार को गौतम बुद्ध नगर का एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल बनाया गया है। वाराणसी में तैनात एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को सीतापुर का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सोनभद्र में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल धनवीर यादव अब एआरटीओ प्रशासन गाजीपुर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रायबरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह को गाजियाबाद का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। आगरा में तैनात एआरटीओ प्रशासन नानक चंद्र शर्मा को औरैया का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। शाहजहांपुर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल शांति भूषण पांडेय को लखीमपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल कानपुर नगर में तैनात अंबुज को एआरटीओ प्रवर्तन रायबरेली बनाया गया है। सीतापुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई को बस्ती का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हरदोई में तैनात एआरटीओ प्रशासन संजीव कुमार सिंह को उन्नाव का एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम दल बनाया गया है।

संभल में तैनात एआरटीओ प्रशासन प्रवेश कुमार सरोज को बरेली का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सहारनपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन महेंद्र बाबू को अमेठी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। बरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल संदीप कुमार जायसवाल को सहारनपुर का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। मथुरा में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल मनोज प्रसाद वर्मा को वाराणसी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बरेली में तैनात एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह को महाराजगंज का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हमीरपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन राम प्रकाश सिंह को चित्रकूट का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। उन्नाव में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल अरविंद कुमार सिंह को हरदोई का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बहराइच में तैनात एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार को प्रयागराज का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। गौतम बुद्ध नगर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल विपिन चौधरी को ललितपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। चित्रकूट में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला को मुख्यालय में सहायता अधिकारी बनाया गया है।

# केजीएमयू कुलपति व चार डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरदोई के रतनपुर आंझी निवासी पीड़ित ने की थी फर्जीवाड़े की शिकायत, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई हुई

**अमृत विचार :** केजीएमयू की कुलपति और क्वीन मैरी की चार महिला डॉक्टरों पर खिलाफ जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौक पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया। आरोप है कि क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी महिला की प्रसव के दौरान ही नसबंदी कर दी गई। इसके लिए परिवार की सहमति नहीं ली गई। मामला खराब हुआ तो फर्जी सहमति पत्र तैयार कर दिखा दिया। पीड़ित दंपति को धमकी भी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी हेमवती नंदन के मुताबिक, उन्होंने अपनी पत्नी उमा मिश्रा को 4 अक्टूबर 2022 को प्रसव के लिए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया था। उनका इलाज डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. निदा खान और डॉ. शिवानी ने शुरू किया। 5 अक्टूबर को आपरेशन कर प्रसव कराया गया। पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के साथ ही बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उसे वेंटीलेटर मशीन पर रखा गया। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

**डिलीवरी आपरेशन में कर दी नसबंदी :** हेमवती नंदन के मुताबिक, अभी वह और उसकी पत्नी को बेटे की मौत के आंसू भी नहीं सूखे थे कि इसी बीच एक और झटका लगा। पता चला कि डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टरों ने बिना परिवार की सहमति से नसबंदी कर दी। हेमवती के मुताबिक उसकी पत्नी से आपरेशन के समय सहमति मांगी गई। जिसे उसकी पत्नी उमा ने साफ मना कर दिया। इसका जिक्र डॉक्टरों के पर्चे पर दर्ज है। पत्नी बेसुध पड़ी थी। वहीं बेटा भी वेंटीलेटर पर था। इसी बीच बताया गया कि पत्नी की नसबंदी कर दी गई है। इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने पत्नी के टांके नहीं लगाने की धमकी दी। जब डॉक्टरों ने उसे पर्चा उपलब्ध कराया तो उसमें फर्जी हस्ताक्षर बनाए गये थे।

### अवसाद में चली गई पत्नी

हेमवती ने बताया कि डॉक्टरों की इस फर्जीवाड़े और मनमाने कृत्य से पत्नी सदमे में चली गई। इस संबंध में डॉक्टरों से कहा कि पहला बेटा हुआ था उसकी भी मौत हो गई। बिना सहमति के नसबंदी कर दिया। इस डॉक्टरों ने चुप्पी साध ली। आनन-फानन 10 अक्टूबर 2022 को पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हेमवती ने इस संबंध में चौक थाने की मेडिकल कॉलेज चौकी में शिकायत की। इसके बाद चौक थाने, पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो वर्ष तक एफआईआर कराने के लिए इधर-उधर भागता रहा। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश के बाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कासगंज : बेटे ने की हरकत, मां को फावड़े से हमला कर मार डाला

संवाददाता,कासगंज


मौके पर छानबीन करती पुलिस। इंसेट में मृतका।

**अमृत विचार:** थाना सहावर क्षेत्र में बेटे की हरकत से नाराज होकर मां को मार डाला गया। घटनाक्रम के अनुसार एक महिला को युवक भगा कर ले गया था। भगा ले जाने की सजा महिला के पति ने अपने साथियों के संग मिलकर युवक की मां को दी है। आरोपियों ने महिला पर फावड़े से जानलेवा बोल दिया और गला काटकर निमृम हत्या कर दी। महिला को बचाने आई उसकी बेटी पर भी हमला किया गया।

पुलिस के अनुसार गांव इतवारपुर में महिला को भगाकर ले जाने के चलते चार हमलावरों ने घर में घुसकर 45 वर्षीय महिला की धारदार फावड़े से गला काटकर हत्या कर दी। घटना की चश्मदीद मृतका की पुत्री ने एएसपी व सीओ को घटना की जानकारी दी। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना कर घटना में प्रयुक्त धारदार हथियार व फावड़े के नमूने लिए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनाक्रम के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव इतवारपुर में पुलिस को मृतका की पुत्री मंजू ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह उनकी मां चंद्रकली की पुरानी रंजिश के चलते थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी जीतू,ववलू, धीरेन्द्र, मौनू पुत्र नामालूम ने घर में घुसकर उनकी मां के ऊपर धारदार हथियारों व फावड़े से गला काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें आनन-फानन में सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक थाना सिढ़पुरा क्षेत्र के गांव भोगपुर निवासी जीतू ने थाना सिढ़पुरा में आठ माह पूर्व अपनी पत्नी रूवी को भगा ले जाने के मामले में मृतका के पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम इतवारपुर थाना सहावर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद से उनकी पत्नी व जितेंद्र का कुछ पता नहीं लगा। आरोप है कि शनिवार को भी जीतू अपने साथ बबलू, धीरेन्द्र,मौनू के साथ जितेन्द्र को तलाश करने पहुंचा और गुस्से में आकर घटना को अंजाम दे दिया। एएसपी कासगंज राजेश भारती ने बताया कि मृतका की पुत्री मंजू ने चार नामजदों के विरुद्ध हत्या किए जाने किये जाने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कानूनी कार्रवाई की जा रही। हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने किए ऑन डिमांड तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्थानांतरण नीति 2025 के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में कर्मियों की मांग पर तबादले किए गए हैं। उक्त क्रम में ही विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत सात सीनियर नर्सिंग अधिकारी, इतने ही नर्सिंग अधिकारी और दो टेक्नीशियनों को प्राथमिकता अनुरूप मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर निदेशक आलोक कुमार द्वारा शनिवार देर रात स्थानांतरण के तीन संवर्ग की तीन सूची जारी कर दी गयी हैं। पहली सूची में सीनियर नर्सिंग अधिकारियों में सुनीता पटले को बांदा मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज स्थानांतरित किया है, इसी प्रकार राजपुतानी को जालौन से कानुपर, राधा को मेरठ से आगरा, प्रिया शुक्ला को बांदा से कानपुर, आराधना सिंह गौतम को जालौन से कानपुर , मधुबाला वर्मा को आजमगढ़ से प्रयागराज और जसविंदर कौर को कन्नौज मेडिकल कॉलेज से कानपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। दूसरी सूची में नर्सिंग अधिकारियों में श्रुत्रि और सोनिया को सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से हृदय रोग संस्थान कानपुर, गोरखपुर से नवीन चंद्र पाण्डेय को आजमगढ़, सोनिया सिंह को झांसी से आगरा, प्रीति भारती को मेरठ से गोरखपुर, मोहिनी प्रियदर्शिनी को सहारनपुर से मेरठ और कृष्ण कुमार एस को मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज कानपुर से मेडिकल कॉलेज मेरठ में तबादला किया गया है। इसके अलावा तीसरी सूची में झांसी मेडिकल कॉलेज के लैब टेक्नीशियन मनीष वर्मा को आजमगढ़ और कृष्णार्जुन मिश्र को मेडिकल कॉलेज जालौन से गोरखपुर भेज दिया गया है।

# सऊदी से आए विमान में निकली चिंगारी

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर रविवार सुबह लैंडिंग के दौरान सऊदिया एयरलाइंस की फ्लाइट(एसवी 3112) के पहिए में तकनीकी खराबी से चिंगारी व धुआं निकलने का मामला सामने आया है।

हालांकि एयरपोर्ट प्रशासन इस बात की पुष्टि नहीं कर रहा है, पर एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विमान में धुआ निकलने पर हड़कंप मच गया। पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान रोक दिया और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को सूचित किया। विमान को पुश बैक कर टैक्सी वे पर लाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

बताया जा रहा कि इस विमान में क्रू मेंबर्स के साथ 250 हज यात्री सवार थे। एयरपोर्ट की फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर फोम और पानी का इस्तेमाल कर 20 मिनट में स्थिति को नियंत्रित कर लिया। यह खराबी हाइड्रोलिक सिस्टम में अचानक लीकेज होने से आई थी। वहीं एयरपोर्ट प्रवक्ता ने फोन नहीं उठाया। एयरपोर्ट प्रशासन ने भी कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

## वर्ग पहेली- 3

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।




### वर्ग पहेली -2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | | 2 खु | द | ना |
| र | | | 3 ऍं | | | |
| मौ | | | पा | | 4 कु | |
| र | | 5 पा | य | जा | मा | |
| | 6 झा | ल | र | | र | |
| 7 सा | | की | | | | 8 सु |
| ज़ | | | 9 र | वा | दा | र |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** — आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** — आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क** — आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

**कन्या** — आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**तुला** — आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक** — आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** — आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

**मकर** — आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

**कुंभ** — आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 8 | | 5 | |
| | 8 | | 4 | 6 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | 6 | | | 1 | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | 2 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | | 3 | | 1 |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |

## एक नजर

### सोनिया गांधी सर गंगाराम अस्पताल में हुईं भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट संबंधी समस्याओं के कारण रविवार को सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि गांधी (78) को रात करीब नौ बजे 'गैस्ट्रोएंटरोलॉजी' विभाग में भर्ती कराया गया। वह डॉक्टरों की एक टीम की निगरानी में हैं। सोनिया की नौ जून को सर गंगाराम अस्पताल में मेडिकल जांच हुई थी। इससे दो दिन पहले उन्होंने उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में कुछ परीक्षण करवाए थे।

### दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### बीएसएफ जवान ने गोली वरिष्ठ को मारी गोली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी। घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10 :30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है।

# तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।



- 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

### शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

## केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के विरुद्ध एफआईआर

**कोलकाता।** कोलकाता के कालीघाट थाने में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार के खिलाफ सिख व्यक्ति पर चप्पल फेंकने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक सिख व्यक्ति पर चप्पल फेंकी जो उसकी पगड़ी पर लगी। भाजपा ने इस आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि यह केवल विरोध प्रदर्शन में इस्तेमाल की गई एक कागज की प्रतिकृति थी। प्राथमिकी में दावा किया गया है कि 12 जून को मजूमदार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास के पास हाजरा रोड और हरीश चटर्जी स्ट्रीट को जोड़ने वाले चौराहे पर सार्वजनिक स्थान पर एक चप्पल फेंकी थी। तृणमूल कांग्रेस ने प्राथमिकी की प्रति एक्स पर साझा की है।

# वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

# शनि शिंगणापुर मंदिर से 114 मुस्लिमकर्मी बर्खास्त

मुंबई, एजेंसी

- 53 अन्य कर्मी भी हटाए, हाल ही में हिंदू संगठनों ने किया था विरोध

महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित शनि शिंगणापुर मंदिर न्यास ने अनुशासन का उल्लंघन करने और अनियमितताओं का हवाला देते हुए 167 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें 114 मुस्लिम कर्मी भी शामिल हैं।

प्रसिद्ध मंदिर का प्रबंधन करने वाले न्यास के एक अधिकारी ने बताया कि निर्णय प्रशासनिक आधार पर लिया गया है, क्योंकि इन कर्मचारियों को कुछ सेवा नियमों और अनुशासनात्मक मानदंडों का उल्लंघन करते पाया गया था। यह कदम हाल ही में हिंदू संगठनों के मंदिर परिसर में मुस्लिम कर्मचारियों की मौजूदगी का विरोध करने के बाद उठाया गया है।

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय ने चेतावनी दी थी कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे 14 जून को मंदिर के बाहर एक बड़ा विरोध मार्च निकालेंगे। हालांकि, मंदिर न्यास ने कहा कि बर्खास्तगी धार्मिक पहचान के कारण नहीं की गई है, लेकिन बर्खास्त किए गए कर्मियों में बड़ी संख्या में मुस्लिम कर्मचारियों के शामिल होने से इस ओर ध्यान गया है। शनि शिंगणापुर मंदिर अपनी परंपराओं और आस-पास के घरों में दरवाजे न होने के कारण जाना जाता है।

इस बीच, सपा विधायक रईस शेख ने इस फैसले की निंदा करते हुए कहा, धार्मिक पहचान के आधार पर नौकरी से निकालना नागरिक अधिकारों का उल्लंघन है। यह अवैध और मनमाना कृत्य है। मुसलमानों और दलितों को निशाना बनाना भाजपा सरकार की रणनीति का हिस्सा रहा है।

## काली उत्सव



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

### सोनम का नार्को टेस्ट नहीं कराएगी मेघालय पुलिस

**शिलांग।** मेघालय पुलिस ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या की आरोपी पत्नी सोनम और राज कुशवाह का नार्को टेस्ट कराने से इन्कार किया है। पूर्वी खासी हिल्स के पुलिस प्रमुख विवेक सिम ने कहा कि नार्को परीक्षण तब किया जाता है जब आरोपी कुछ बताने से इन्कार करते हैं, जबकि आरोपी जांच में सहयोग कर रहे हैं। पुलिस के पास उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में नार्को परीक्षण प्रतिबंधित है। शनिवार को राजा के परिवार के सदस्यों ने यह कहते हुए सोनम और अन्य आरोपियों के नार्को परीक्षण की मांग की थी कि वे पुलिस के सामने पूरी सच्चाई नहीं बता रहे हैं।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

मुंबई, एजेंसी

- राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।

### दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

**मंगलुरु।** तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने सभी ताल्लुकों के तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

## कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।



पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।

# आरटीआई से सवालों में घिरा सीपीसीबी

नई दिल्ली, एजेंसी

- जुर्माने से 2018 से अब तक जुटाए 45.81 करोड़, पर्यावरण संरक्षण पर खर्च किए सिर्फ नौ लाख रुपये

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 2018 से 2024 तक एकत्र किए गए पर्यावरण मुआवजे का केवल 0.2 प्रतिशत ही पर्यावरण की सुरक्षा पर खर्च किया। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन में यह जानकारी सामने आई है।

सामाजिक कार्यकर्ता अमित गुप्ता की ओर से दायर आरटीआई से सामने आया कि सीपीसीबी ने इस अवधि के दौरान पर्यावरण मुआवजे के तहत जुर्माने और दंड के रूप में 45.81 करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन केवल नौ लाख रुपये खर्च किए, जो कुल राशि के पचासवें हिस्सा से भी कम है। सीपीसीबी के पास केवल 2024-25 में नौ लाख रुपये के इस्तेमाल का रिकॉर्ड है।

सीपीसीबी को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों द्वारा एकत्र किए गए पर्यावरण मुआवजे का 25 प्रतिशत प्राप्त होता है और विभिन्न मामलों में प्रदूषण करने वालों पर सीधे जुर्माना लगाता है। सीपीसीबी को मिलने वाली जुर्माना राशि का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जाता है, जिसमें प्रयोगशालाओं के लिए संसाधन जुटाना, नेटवर्क की निगरानी करना, अनुपालन अध्ययन, क्षमता निर्माण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा नियुक्त समितियों द्वारा किए जाने वाले खर्च शामिल हैं। हालांकि, इस राशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च नहीं किया गया है।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि सीपीसीबी ने इस अवधि के दौरान पर्यावरण संरक्षण शुल्क (ईपीसी) के तहत एकत्र किए गए 427.37 करोड़ रुपये में से केवल 130.9 करोड़ रुपये खर्च किए, जो लगभग 30 प्रतिशत है।

## कारोबार/कृषि

# पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

## विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।



- पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पयर्टन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ . हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

# बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण ( आईआरडीएआई ) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।

### बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेज़ों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।



### कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

### बीमा कराने के नियम

- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

### उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

# यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



- दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास
- 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

## ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

# नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

